www.livehindustan.com

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
3 जून 2026, नई दिल्ली

• पांच प्रदेश • 23 संस्करण

पीवी सिंधु इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंचीं



ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

# ALLEN

JEE ADVANCED 2026
RECORD-BREAKING RESULT

INDIA'S TOP THREE RANKS

SIX STUDENTS IN TOP 10

TWENTY FOUR STUDENTS IN TOP 50




As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | OLYMPIADS | CLASSES 8TH TO 12TH & 12TH PASS
Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

ALLEN DELHI
95136 85900
allen.ac.in/delhi

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

# ALLEN

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

# OUR PRIDE
RESULT: JEE ADVANCED 2026
# THE TOP 100

| AIR | Name | Course |
|---|---|---|
| AIR 11 | Nikunj Agrawal | Classroom Course |
| AIR 12 | Aryan Ragupathy | Classroom Course |
| AIR 14 | Prince Choudhary | Classroom Course |
| AIR 16 | Tanay Agarwal | Classroom Course |
| AIR 18 | Riddhesh Bendale | Classroom Course |
| AIR 19 | Shaswat Banerjee | Classroom Course |
| AIR 25 | Madhav S. Notani | Classroom Course |
| AIR 27 | Abhipriya Verma | Classroom Course |
| AIR 29 | Bhavesh Patra | Classroom Course |
| AIR 30 | Amrit Raj | Classroom Course |
| AIR 32 | Mahroof Ahmed Khan | Classroom Course |
| AIR 33 | Koustubh Deshpande | Classroom Course |
| AIR 41 | Snehal Roy Choudhury | Classroom Course |
| AIR 43 | Shaurya Khemka | Classroom Course |
| AIR 44 | Yash Yadav | Classroom Course |
| AIR 46 | Surya Kanti Ghosh | Classroom Course |
| AIR 48 | Nathan Jais | Classroom Course |
| AIR 50 | Keshav Mangal | Classroom Course |
| AIR 55 | Parth Maheshwary | Classroom Course |
| AIR 57 | Piyush K. Dhakar | Classroom Course |
| AIR 59 | Sushant K. Agarwal | Classroom Course |
| AIR 68 | Anvesh Patel | Classroom Course |
| AIR 69 | Prakhar Sharma | Classroom Course |
| AIR 70 | Sneham Palangdar | Classroom Course |
| AIR 71 | Praneel Debnath | Classroom Course |
| AIR 72 | Nishkarsh Singh | Classroom Course |
| AIR 77 | Arohi Deshpande | Classroom Course |
| AIR 79 | Badekai V. Krishna | Classroom Course |
| AIR 82 | Kovid Boob | Classroom Course |
| AIR 84 | Arnav Jain | Online Test Series |
| AIR 85 | Aditya G. Wagh | Classroom Course |
| AIR 97 | Atishay Jain | Classroom Course |
| AIR 98 | Anshu | Classroom Course |
| AIR 99 | Ruchit Agrawal | Classroom Course |

ONLINE CHAMPION
AIR 52
Yashwardhan
Online Classroom Course

41 STUDENTS IN TOP 100

## ALLEN DELHI CHAMPIONS
In Just 3 Years, ALLEN Delhi has become a Benchmark for Results!

DELHI-NCR TOPPER
AIR 10
Darsh Sikka
Classroom Course

| AIR | Name | Course |
|---|---|---|
| AIR 59 | Sushant Kr. Agarwal | Classroom Course |
| AIR 72 | Nishkarsh Singh | Classroom Course |
| AIR 109 | Rishit Garg | Classroom Course |
| AIR 187 | Arnav Girish Ghatti | Classroom Course |
| AIR 205 | Divyansh Narang | Classroom Course |
| AIR 208 | Atharva Panjabi | Classroom Course |
| AIR 212 | Anay Jain | Classroom Course |
| AIR 284 | Shashwat Jain | Classroom Course |
| AIR 346 | Anant Padia | Classroom Course |
| AIR 362 | Parnav Sharma | Classroom Course |
| AIR 379 | Pranjal Roy | Classroom Course |
| AIR 403 | Raghav Bansal | Classroom Course |
| AIR 419 | Medhansh Shekhar | Classroom Course |
| AIR 471 | Tarun Kumar | Classroom Course |
| AIR 501 | Arjun Singh | Classroom Course |
| AIR 590 | Sahaj Gupta | Classroom Course |
| AIR 612 | Krishna Rathi | Classroom Course |
| AIR 662 | Anish Anand | Classroom Course |
| AIR 674 | Anant Kumar | Classroom Course |
| AIR 680 | Mayank Choudhary | Classroom Course |
| AIR 692 | Love Chahar | Classroom Course |
| AIR 704 | Vidit Mendiratta | Classroom Course |
| AIR 725 | Ayush Kumar Jha | Classroom Course |
| AIR 743 | Lakshya Sharma | Classroom Course |
| AIR 751 | Vidhaan Srivastava | Classroom Course |
| AIR 793 | Govind Bansal | Classroom Course |
| AIR 832 | Bhargav | Classroom Course |
| AIR 842 | Vidush Jain | Classroom Course |
| AIR 851 | Lakshya Gaur | Classroom Course |
| AIR 972 | Gopal Saxena | Classroom Course |

3 Students in Top 100 AIR
31 Students in Top 1000 AIR

## A HISTORIC HAT-TRICK OF AIR 1 IN JEE ADVANCED



AIR 1 2026 — Shubham Kumar, Classroom Course
AIR 1 2025 — Rajit Gupta, Classroom Course
AIR 1 2024 — Ved Lahoti, Classroom Course

As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

## THEY MADE IT POSSIBLE WITH ALLEN, NOW IT'S YOUR TURN.

SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*

TEST DATES
7 & 14 JUNE

ALLEN STUDY CENTRES IN DELHI NCR:
Dwarka | Faridabad | Ghaziabad-RDC | Ghaziabad-Vasundhara | Gurugram | Janakpuri
Kalu Sarai | Lajpat Nagar | Malviya Nagar | Noida | Greater Noida West | NSP | Preet Vihar
Punjabi Bagh | Rewari

95136 85900 allen.ac.in/delhi

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
3 जून 2026, नई दिल्ली

वर्ष 91, अंक 131, 18 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण

आईपीएल जीतने के बाद प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे विराट कोहली P-14



UTTARANCHAL UNIVERSITY DEHRADUN
NAAC GRADE A+ | nirf | 25+ Years of Excellence
BEST UNIVERSITY with TOP PLACEMENTS
B.Tech. CSE — B.Tech. (Hons.) CSE with specializations: AI & ML, Cloud Computing, Cyber Security, Big Data Analytics
B.Tech. ECE — B.Tech. (Hons.) CSE with specializations: AI & ML, Internet of Things (IoT), Semiconductor Chip Design
B. Tech. Civil Engineering
B. Tech. Mechanical Engineering
B. Tech. Aerospace Engineering
M.Tech.
SCHOLARSHIPS WORTH ₹ 79.12 CRORE
APPLY NOW
Toll Free : 18002124201 | 18002124221 | www.uudoon.in | Prem Nagar, Dehradun, Uttarakhand, 248007 | ADMISSIONS OPEN 2026

## ऑन-स्क्रीन मार्किंग मामले में केंद्र सरकार ने की बड़ी कार्रवाई

# सीबीएसई चेयरमैन और सचिव हटाए गए

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दखल के बाद केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में कड़ा कदम उठाते हुए सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। साथ ही ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की टेंडर प्रक्रिया की जांच के लिए एक जांच समिति भी गठित की गई है।

कैबिनेट सचिवालय द्वारा गठित समिति को अपनी रिपोर्ट एक माह के अंदर डीओपीटी, कार्मिक मंत्रालय को देनी होगी। समिति के गठन और उसकी शर्तों से साफ संकेत है कि वह खरीद में अधिकारियों की भूमिका की भी जांच करेगी। सबसे अहम पहलू यह है कि अब यह मामला भी नीट की तरह सीधे प्रधानमंत्री की निगरानी में आ गया है।

**एस. राधा चौहान होंगी कमेटी की अध्यक्ष :** समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी। जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सरकारी आदेश में कहा गया कि समिति की अध्यक्ष जरूरत पड़ने पर अन्य विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की मदद भी ले सकेंगी।

**छात्र ने गिनाई खामियां :** झारखंड के 17 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत ने मंगलवार को संसदीय समिति के सामने 12वीं की परीक्षाओं में ऑनलाइन मार्किंग के लिए वेंडर चुनने की टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर प्रेजेंटेशन दिया। सार्थक सीबीएसई की ऑनलाइन मार्किंग प्रणाली से प्रभावित है। छात्र ने अपने प्रेजेंटेशन में कई गंभीर सवाल उठाए, जिससे सीबीएसई बैकफुट पर नजर आई। समिति की बैठक कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में संसदीय समिति ने स्पष्ट किया कि सीबीएसई को मूल्यांकन में गड़बड़ियों के लिए जवाबदेही तय करनी होगी।

› सवालों में उलझा P08



मुंबई में मंगलवार को नीट पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन करते यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता। • प्रेट्र

### सीताराम होंगे नए चेयरमैन

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया। वहीं, वरिष्ठ नौकरशाह वरुण भारद्वाज को सीबीएसई का नया सचिव नियुक्त किया गया। इस संबंध में मंगलवार देर शाम मंत्रालय की ओर से आदेश जारी किए गए।

### कांग्रेस का विरोध

मुंबई में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक और सीबीएसई की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली को लेकर चिंताओं के बीच मंगलवार को विरोध मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

**01** महीने में समिति को कार्मिक मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपनी होगी

### याचिका दाखिल की

सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली पर विवाद गहरा गया है। एनएसयूआई ने इस प्रणाली में कथित अनियमितताओं व खामियों का आरोप लगाते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। › P08

### पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर साइबर अटैक का प्रयास

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक और साइबर हमलों के प्रयास हुए। बोर्ड के अनुसार सबसे हालिया हमला डिनायल ऑफ सर्विस था, जिसमें मात्र दो मिनट में पोर्टल पर 15 लाख हिट भेजे गए। अवैध रूप से फाइलों तक पहुंचने के एक लाख से अधिक प्रयास किए गए। › P08

# इजरायल ने ट्रंप की फटकार के बाद लेबनान पर बड़े हमले रोके

रिपोर्ट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान से तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लेबनान पर हमलों को लेकर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भड़क गए। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने फोन पर नेतन्याहू को फटकार लगाई, जिसके बाद इजरायल ने लेबनान पर हमले रोक दिए।

अमेरिकी समाचार पोर्टल एक्सियोस ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया। रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत के दौरान ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा, 'ये क्या कर रहे हो? अब हर कोई आपसे नफरत कर रहा है', इन सब की वजह से हर कोई इजरायल से नफरत कर रहा है।' ट्रंप की बात पर नेतन्याहू ने ओके-ओके कहते हुए कहा कि सभी चीजों का ध्यान रखा जाएगा। ट्रंप ने एक हिज्बुल्ला कमांडर को मारने के लिए पूरे भवन को मलबे में तब्दील करने पर भी आपत्ति जताई।



डोनाल्ड ट्रंप।



बेंजामिन नेतन्याहू।

अमेरिकी राष्ट्रपति नेतन्याहू पर तब भड़के जब ईरान ने चेतावनी दी कि लेबनान पर हो रहे हमलों को देखते हुए वह शांति वार्ता फिलहाल रोक रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि बातचीत में ट्रंप ने हिज्बुल्ला द्वारा इजरायल पर किए गए हमलों के जवाब में की गई सैन्य कार्रवाई पर भी निराशा व्यक्त की। अमेरिकी अधिकारी ने यह भी बताया कि ट्रंप ने फोन पर नेतन्याहू पर हमले रोकने के लिए पूरा दबाव बनाया था।

**इजरायल ने वापस बुलाए सैनिक :** नेतन्याहू से वार्ता के बाद ट्रंप ने ट्रूथ पर पोस्ट में कहा कि मैंने नेतन्याहू से कहा है कि वे बेरूत पर सैन्य कार्रवाई न करें। इसके बाद उन्होंने अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। नेतन्याहू के फैसले का मैं शुक्रगुजार हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा कि इजरायल- लेबनान संघर्ष पर हिज्बुल्ला के प्रतिनिधियों से भी उनकी बात चल रही। वे इजरायल पर हमला रोकने के लिए सहमत हैं।

› होर्मुज जल्द खुलेगा P15

## नेपाल के साथ सीमा विवाद में तीसरा पक्ष अस्वीकार्य : भारत

**नई दिल्ली, विसं।** भारत की जमीन कब्जा करने के नेपाली पीएम बालेन शाह के दावे पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने कहा कि हमने सीमा संबंधी सभी मामलों से निपटने के लिए द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए हैं।

जैसवाल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय मामलों में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 फीसदी हिस्सा निर्धारित हो चुका है, फिर भी कुछ हिस्से को सुलझाना बाकी है। गंडक नदी के बहाव में परिवर्तन से यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

› चर्चा की P15

## चिंता: भारतीय शेयर बाजार सातवें स्थान पर खिसका

- ताइवान के बाद कोरिया ने भारत को पछाड़ा
- अमेरिका, चीन, जापान शीर्ष पांच में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भारत का शेयर बाजार फिसलकर दुनिया में सातवें पायदान पर आ गया। ताइवान के बाद दक्षिण कोरिया ने भी भारत को पछाड़ दिया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी तेजी के दम पर दक्षिण कोरिया का बाजार अब छठे स्थान पर आ गया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया की सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण इस वर्ष 86 फीसदी से अधिक उछलकर पांच ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। वहीं, भारत का बाजार पूंजीकरण गिरकर 4.8 ट्रिलियन डॉलर रह गया। इस सूची में अमेरिका पहले, चीन दूसरे, जापान तीसरे, हॉन्गकॉन्ग चौथे और ताइवान पांचवें स्थान पर है। दक्षिण कोरिया के बाजार में उछाल की वजह चिप बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त तेजी है, जो दुनिया में एआई के विकास को गति दे रही हैं। सैमसंग और एसके हाइनिक्स इंक. हाल में एक ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण वाली सूची में शामिल हुईं।

› फिर तेजी संभव P13

## प्रमुख पांच

**सोने और चांदी की कीमतों में उछाल**
1 दिल्ली में सोना 1,050 रुपये बढ़कर 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंच गया है। चांदी 1,300 रुपये बढ़ी है। P 13

**दिव्यांगों के लिए रेलवे ने शुरू की सुविधा**
2 दिव्यांग रेल यात्री अब डिजिटल स्वावलंबन कार्ड से ही घर बैठे ऑनलाइन रियायती टिकट बुक कर सकते हैं। P 15

**बैंक में केवाईसी के लिए ग्राहकों की मुश्किल बढ़ी**
3 बैंक खातों की केवाईसी अपडेट कराने में लाखों ग्राहक भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। P 13

**विश्व कप में आखिरी बार खेलेंगे ये दिग्गज**
4 फीफा विश्व कप 2026 कई महान फुटबॉलरों के लिए विदाई का मंच बन सकता है। P 14

**बदलाव और बदला से गुजरता बंगाल**
5 इतिहास यही बताता है कि बंगाल में सरकार जल्दी नहीं बदलती, लेकिन जो पार्टी सत्ता में आती है, वह सबसे पहले विपक्ष की जड़ें साफ करने में भी जुट जाती है।



प्रभाकर मणि तिवारी P 10

## सख्ती: वेदांता समूह के कई परिसरों पर ईडी ने मारे छापे

- कंपनी के चार परिसरों की तलाशी ली गई
- फेमा के कथित उल्लंघन को लेकर जांच जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह के परिसरों में छापेमारी की।

ईडी अधिकारियों ने बताया कि वैश्विक खनन समूह के खिलाफ छापेमारी सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान दिल्ली, मुंबई एवं उदयपुर समेत वेदांता लिमिटेड के चार परिसरों की तलाशी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय कंपनी वेदांता लिमिटेड लंदन स्थित वेदांता रिसोर्सेज की सहायक कंपनी है। वेदांता रिसोर्सेज द्वारा 2023 में वेदांता लिमिटेड को ब्रांड शुल्क का एक हिस्सा लौटाने का मामला ईडी की जांच के दायरे में है। साथ ही समूह की कुछ अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की जा रही है।

**कंपनी कानून मानने के लिए प्रतिबद्ध :** वेदांता के एक प्रवक्ता ने ईडी की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी जांच एजेंसी को पूरा सहयोग दे रही है। मांगी गई सभी जानकारी ईडी को उपलब्ध करा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून मानने के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि मामला नियामकीय प्रक्रिया के तहत है इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। वेदांता लिमिटेड धातुओं, महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रमुख वैश्विक उत्पादक है।

## दिल्ली के शैक्षणिक संस्थान शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों का मूल्यांकन करने वाली संस्था आईआईआरएफ ने वर्ष 2026 के लिए अपनी सूची जारी कर दी है। इसमें देश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के मुख्य केंद्र के रूप में दिल्ली और मुंबई ने अपनी स्थिति को और मजबूत की है। › P09

## फिल्म 'बूंग' को मिले तीन पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** बाफ्टा पुरस्कार विजेता मणिपुरी फिल्म बूंग ने हाल ही में न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में तीन पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इनमें मुख्य भूमिका निभाने वाले युवा कलाकार को दिया गया सर्वश्रेष्ठ बाल अभिनेता का सम्मान भी शामिल है।

## कार्रवाई: खोड़ा में अवैध रूप से चल रहे दो मदरसे सील

- तीसरे मदरसे पर भी कार्रवाई की तैयारी
- सील हुई इमारत में फंसे रह गए थे 11 बच्चे

**ट्रांस हिंडन (गाजियाबाद), वरिष्ठ संवाददाता।** खोड़ा थानाक्षेत्र में बकरीद के दिन हुए सूर्या हत्याकांड के बाद प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। यहां अवैध रूप से चल रहे दो मदरसों को सील कर दिया। एक और मदरसा सील करने की तैयारी है।

प्रशासनिक टीम ने लोकप्रिय विहार स्थित मदरसा रहमानिया अरबिया कासिम-उल-उलूम और बीरबल मोहल्ले में संचालित सुल्तान अलाफरीन मदरसे को सील कर नोटिस चस्पा किया। दोनों मदरसों के विद्युत कनेक्शन भी काट दिए गए। नोटिस में एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। मदरसा रमानिया अरनिया पासीमूल उलूक पर भी कार्रवाई की तैयारी है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि तीनों मदरसे जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की मान्यता के बिना चल रहे हैं।

**11 बच्चे फंसे :** मदरसा रहमानिया अरबिया कासिम-उल-उलूम के दरवाजे पर जब टीम पहुंची तो काफी देर तक किसी ने गेट नहीं खोला। टीम ने उसे सील कर दिया, जबकि अंदर 11 बच्चे मौजूद थे। मदरसा कमेटी के प्रमुख सचिव इलियास सैफी ने बच्चों के बारे में बताया। करीब आधे घंटे बाद सभी को पीछे के गेट से निकाला गया। सैफी ने कहा कि प्रशासनिक टीम ने कागजात दिखाने का मौका तक नहीं दिया गया।

› हमले की कोशिश P06



### जल गया रसातल में तो यमुना में दौड़ी दुपहिया

यमुना का जलस्तर इस बार ऐतिहासिक रूप से नीचे आ गया है। जलशोधन संयंत्रों तक पर्याप्त जल ना पहुंच पाने के कारण राजधानी की जलापूर्ति में करीब 14 फीसदी की कटौती की गई है। इन दिनों स्थिति कुछ ऐसी है कि दिल्ली के पल्ला गांव के लोग मोटरसाइकिल से यमुना नदी पार कर ले रहे हैं। • अरविंद यादव

## अमेरिका में भारतीय ट्रक चालक पकड़े

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रहकर कमर्शियल ट्रक चला रहे 30 भारतीय नागरिकों को एक अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। आव्रजन अधिकारियों ने बताया कि उन्हें जल्द ही भारत निर्वासित किया जाएगा।





कुछ अलग | जलवायु परिवर्तन की वजह से लंबी हुई देश में मानसून की अवधि, कृषि क्षेत्र और जल संसाधन समेत शहरी नियोजन एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियां प्रभावित होंगी

# भारत में अब ज्यादा दिन बिताने लगा है मानसून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में अब मानसून का मिजाज बदल रहा है। वर्षा ऋतु का चक्र पहले से लंबा हो गया, यानि मानसून तय समय से पहले आ रहा है और तय समय के बाद ही इसकी वापसी हो रही है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन और वापसी की तिथियों को लेकर किए गए शोध में यह बात सामने आयी है। यह निष्कर्ष 120 वर्षों के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

**जलवायु परिवर्तन है मुख्य कारण :** मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की तरफ से जारी शोध पत्र में मानसून काल लंबा होने के पीछे का मुख्य कारण जलवायु परिवेश में बदलाव को बताया गया है।

शोध पत्र के अनुसार, पूर्व में तय की गई मानसून की सामान्य तिथियां (वर्ष 1971 से 2000 के बीच की) वर्तमान जलवायु परिस्थितियों से अलग हैं। मौसम के बदलते रुख की वजह से मानसून की समय-सारणी में दीर्घकालिक बदलाव आए हैं। इन नई तिथियों की मदद से अब मौसमी पूर्वानुमानों की सटीकता सुधरेगी।

**वैज्ञानिकों के अनुसार,** अब तक उपयोग की जा रही मानसून के आगमन की सामान्य तिथियां पुराने आंकड़ों (वर्ष 1901 से 1940) पर आधारित थीं, जिन्हें केवल 149 केंद्रों से प्राप्त किया गया था। इस नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने देशभर में फैले 569 केंद्रों के वर्ष 1971 से 2000 तक के औसत पांच दिनों के वर्षा के आंकड़ों का उपयोग करके मानसून आगमन की नई समय-सारणी तैयार की है।

**मानसून का हाल :** दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत सामान्यतः जून में केरल में होती है। करीब 15 जुलाई तक यह पूरे भारत में सक्रिय हो जाता है। वहीं, 15 अक्तूबर तक विदाई मानी जाती है।

› बादल फटा P15



**मानसून आगमन की तिथियां**

| | |
|---|---|
| केरल | : 4 जून |
| पश्चिम-मध्य क्षेत्र | : 10-12 जून |
| उत्तर भारत | : 25 जून |
| संपूर्ण देश | : 15 जुलाई |

**120** वर्षों के आंकड़ों पर आधारित है यह अध्ययन

**01-03** दिन पहले दक्षिण प्रायद्वीप में पहुंचेगा मानसून

**10-15** दिनों की देरी होगी देश के अन्य भागों में मानसून आने में

### फ्रांस में सबसे गरम वसंत

फ्रांस में गर्मी ने 126 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। मंगलवार को यहां सबसे गरम वसंत दर्ज किया गया। औसत तापमान 13 .8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 .7 डि .से ज्यादा है। यह स्थिति समय से पहले चल रही लू के कारण बनी है।

### नॉर्वे का हाल भी कुछ ऐसा ही

नॉर्वे में 1901 में रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से यह सबसे गर्म वसंत रही। औसत पारा सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक रहा।

### शोध के निष्कर्ष

- दक्षिण प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में मानसून का आगमन पुरानी तिथियों की तुलना में 1 से 3 दिन पहले देखा गया है।
- मध्य भारत के पश्चिमी हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत में मानसून के आगमन में 10 से 15 दिनों का विलंब पाया गया है।

### कई क्षेत्रों पर असर पड़ेगा

मानसून की तिथियों में सूक्ष्म बदलाव भी कृषि, जल संसाधन, शहरी नियोजन एवं आपदा प्रबंधन की तैयारी प्रभावित करते हैं। मौसम विभाग का मानना है, शोध के निष्कर्षों के आधार पर देश में कृषि योजनाओं को बेहतर बनाने, जल संचयन की नीतियां सुदृढ़ करने और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकेंगे।

## गिरीबाला-समर्थ को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल की एक अदालत ने मंगलवार को मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनपर दहेज उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। नोएडा की रहने वाली मॉडल 12 मई को भोपाल में अपने ससुराल में फंदे से लटकी हुई मिली थीं।

सीबीआई जांच के दौरान समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह ने अपने ऊपर लगे मारपीट तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोपों को नकार दिया। दोनों का कहना है कि ट्विशा शर्मा के साथ उनके संबंध सामान्य थे। जांच एजेंसी उनके बयानों का उपलब्ध साक्ष्यों से मिलान कर रही है। › बयान दर्ज होंगे P06

# उत्तर प्रदेश : भारत का सांस्कृतिक पर्यटन हब








**नवनिर्माण के 9 वर्ष**

डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने अपनी समृद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और प्रभावी नीतियों के परिणामस्वरूप प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थ स्थल राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। बेहतर सड़क संपर्क, आधुनिक आधारभूत सुविधाएं, स्वच्छता, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के व्यापक प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में शामिल कर दिया है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन जैसे प्राचीन धार्मिक नगरों के साथ-साथ बलरामपुर, सहारनपुर, गोरखपुर, जौनपुर और गाजीपुर में भी धार्मिक स्थलों का व्यापक विकास और पुनरुद्धार किया गया है। पिछले 9 वर्षों में परंपरा और आधुनिकता के संतुलित समन्वय ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों के अनुभव को और अधिक समृद्ध बनाया है। हाल ही में नवरात्रि के दौरान सहारनपुर स्थित माँ शाकंभरी देवी धाम तथा मिर्जापुर स्थित विंध्यवासिनी धाम में 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन प्रदेश में बढ़ती आध्यात्मिक चेतना और पर्यटन आकर्षण को दर्शाता है। आज उत्तर प्रदेश केवल आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यटन, व्यापार, निवेश और रोजगार सृजन का भी महत्वपूर्ण हब बनकर उभर रहा है। विरासत संरक्षण और आधुनिक विकास का यह समन्वित मॉडल उत्तर प्रदेश को "भारत के सांस्कृतिक पर्यटन हब" के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

## पर्यटन विकास से आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा**
बजट में किए गए विशेष प्रावधानों से पर्यटकों के ठहराव की अवधि बढ़ने की संभावना से स्थानीय व्यापारियों की आय में वृद्धि होगी

**रोजगार सृजन**
होटल, परिवहन, टूर गाइड और फूड सेक्टर में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे

**महिला सशक्तीकरण**
महिला गाइडों के लिए लाइसेंस शुल्क माफी से पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ेगी

**हस्तशिल्प को बढ़ावा**
पर्यटकों द्वारा स्थानीय उत्पादों की खरीद से कारीगरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा

**बेहतर जीवन स्तर**
पर्यटन अवसंरचना, कनेक्टिविटी और सुरक्षा में सुधार से स्थानीय नागरिकों की सुविधाएं और जीवन गुणवत्ता बेहतर होगी

## यूपी बजट 2026-27: पर्यटन क्षेत्र की मुख्य घोषणाएं

### मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना

- इस फ्लैगशिप योजना के लिए बजट में ₹500 करोड़ का भारी आवंटन किया गया है, जिसके तहत राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय पर्यटन स्थलों को आधुनिक बनाया जाएगा

### अयोध्या का कायाकल्प

- 'उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या तीर्थ विकास परिषद' के माध्यम से अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए ₹150 करोड़ का अलग से प्रावधान किया गया है

### वाराणसी और विंध्याचल

- काशी (वाराणसी) और विंध्यवासिनी देवी धाम (मिर्जापुर) में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधाओं के विकास के लिए ₹100-100 करोड़ आवंटित किए गए है

### नैमिषारण्य और मथुरा (ब्रज)

- 'श्री नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद' के लिए ₹100 करोड़ दिए गए हैं। साथ ही मथुरा-वृंदावन (ब्रज तीर्थ विकास परिषद) के विकास कार्यों के लिए भी विशेष बजट दिया गया है

## प्रमुख पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या

| जनपद | 2017 | 2025 |
|---|---|---|
| अयोध्या | 1,78,57,858 | 29,95,99,794 |
| चित्रकूट | 71,53,450 | 3,65,78,594 |
| मथुरा | 5,07,94,825 | 10,24,63,949 |
| प्रयागराज | 4,25,85,521 | 69,14,96,115 |
| वाराणसी | 77,37,334 | 17,30,73,888 |



## पर्यटकों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश

- 2025 में उत्तर प्रदेश में कुल 156 करोड़ से ज्यादा पर्यटक भ्रमण हेतु आये, जिसमें 36 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक थे
- वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में 64 करोड़ से ज्यादा पर्यटक और श्रद्धालुओं का आगमन हुआ, जिसमें 23 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक थे
- 2024 के आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश को घरेलू पर्यटक आगमन में प्रथम स्थान एवं विदेशी पर्यटक आगमन में चौथा स्थान प्राप्त हुआ

**पर्यटन सुविधाओं का विस्तार-डबल इंजन सरकार**

हिन्दुस्तान मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव

## काम की खबरें

**1 जीवन रक्षा पुरस्कार के लिए नामांकन मांगे**

शिक्षा निदेशालय ने जीवन रक्षा पदक पुरस्कार शृंखला 2026 के लिए नामांकन मांगे हैं। नामांकन की जांच और सत्यापन के लिए आवेदन पत्र 15 जुलाई तक तिमारपुर स्थित पुरस्कार शाखा को भेजने हैं। यह पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे।

**2 पार्किंग से जुड़ी समस्याओं को लेकर कॉल करें**

दिल्ली नगर निगम के अधीनस्थ पार्किंग की समस्याओं को लेकर नागरिक निगम ऐप 311 व निगम हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं। निगम वेबसाइट https://mcdonline.nic.in/ पर जानकारी उपलब्ध है। इसमें निगम के पार्किंग के शुल्क व अन्य सूचना भी उपलब्ध होगी।

**3 नई दिल्ली-पटना के लिए विशेष रेलगाड़ी चलेगी**

दिल्ली से कई विशेष गाड़ियां चलाई गई हैं। गाड़ी संख्या 01492 निजामुद्दीन से पुणे के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 03294 नई दिल्ली से पटना के लिए 16 जुलाई तक रोज चलेगी। गाड़ी संख्या 04014 आनंद विहार से 15 जुलाई तक प्रतिदिन लौख बाहर के लिए चलेगी।

**4 संविदा पर नियुक्त होंगे वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर**

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) में संविदा पर 89 वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए संस्थान में 15, 16 और 17 जून अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। विशेष जानकारी lhmc-hosp.gov.in पर जाकर ली जा सकती है।

**5 गीता कॉलोनी मार्ग 30 जून तक बंद रहेगा**

एलएम बंध से कड़कड़ी मोड़ तक मास्टर प्लान रोड के नीचे नाले की गाद निकाली जा रही है। गीता कॉलोनी की ओर जाने वाला एक कैरिजवे 30 जून तक बंद रहेगा। गीता कॉलोनी के लिए चाचा नेहरू अस्पताल मार्ग और कड़कड़ी मोड़ के लिए दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे सर्विस रोड का उपयोग करें।

### आज का मौसम

38.0° अधिकतम | 27.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 05:24 | सूर्यास्त: 19:15

**अनुमान**

बादलों की आवाजाही रहेगी और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।




दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान में आते हैं सात हजार से अधिक मरीज

# कीमोथेरेपी की 22% दवाओं का स्टॉक खत्म

■ रणविजय सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान (डीएससीआई) इन दिनों चिकित्सा संस्थानों की भारी कमी से जूझ रहा है। इसमें कई तरह की आवश्यक जांचें तो प्रभावित हैं हीं, कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी भी नहीं मिल पा रही है।

दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले इस अस्पताल के स्टॉक में कैंसर की 22 प्रतिशत दवाएं खत्म हो चुकी हैं। चिंता की बात यह है कि इसमें कीमोथेरेपी की कई महंगी दवाएं शामिल हैं, जिसकी कीमत कंपनी और दवाओं के ब्रांड के अनुसार खुदरा बाजार में एक हजार से लेकर 79 हजार तक है।

अस्पताल में कैंसर के इलाज के लिए सालभर में सात हजार से अधिक नए मरीज और करीब डेढ़ लाख पुराने मरीज पहुंचते हैं। दिल्ली के अलावा गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, बुलंदशहर सहित कई स्थानों से मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं।

**बीटाडीन, सिरिंज की भी कमी :** अस्पताल के वार्ड में मरीजों की ड्रेसिंग के लिए बीटाडीन लोशन, दस व 10 एमएल की डिस्पोजेबल सिरिंज, सर्जिकल मास्क, नेजल प्रोंग कैनुला, राइल्स ट्यूब (14 व 16 नंबर) जैसे चिकित्सा सामानों की भी कमी हो गई है। नेजल प्रोंग कैनुला का इस्तेमाल मरीज को ऑक्सीजन देने के लिए किया जाता है। राइल्स ट्यूब की जरूरत मरीज को पोषण देने में पड़ती है।

**फाइल लंबित पड़ी :** अस्पतालों में दवाओं व चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी केंद्रीय खरीद एजेंसी की है। दवा की कमी होने पर अस्पताल से लोकल स्तर पर दवाएं खरीदी जाती है, जो अभी बंद है। दवाओं और चिकित्सा सामानों की खरीद की फाइल लंबित पड़ी है।

**अस्पताल में स्थिति**

222 दवाएं आवश्यक सूची में शामिल

49 दवाएं खत्म हो चुकीं अनुपलब्धता- 22%



173 दवाएं मौजूद उपलब्धता- 78%

**कीमो की कुछ महंगी दवाएं उपलब्ध नहीं**

**बेवाकिजुमैब 400 व 100 एमजी**
कीमत : तीन हजार से लेकर 35 हजार तक है। कुछ ब्रांड की दवा की कीमत 50 हजार से अधिक।

**सेटुक्सीमब 500 एमजी**
कीमत : 20,000 से 79,000 प्रति डोज (ब्रांड पर निर्भर)

**एफटिनिब 40 एमजी**
कीमत : 4,000-12,000 प्रति स्ट्रिप (ब्रांड के अनुसार)

**गोसेरेलिन 10.8 एमजी**
कीमत : 21,000-29,000 प्रति इंजेक्शन

> उपलब्धता अपेक्षित स्तर पर नहीं है। समीक्षा कराई है और आवश्यक दवाओं तथा सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल दवाओं के लिए सीपीए पर निर्भर हैं। फिर भी खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। -**डॉ. सविता अरोड़ा,** निदेशक, दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान

## रोजाना 30 गाड़ियों का परिचालन कर रहा उत्तर रेलवे

**नई दिल्ली, प्रसं।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने के लए उत्तर रेलवे की ओर से विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

उत्तर रेलवे से प्रतिदिन लगभग 30 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लगभग 60 हजार अतिरिक्त सीटें रोजाना उपलब्ध कराई जा रही हैं। 15 जुलाई तक विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन जारी रहेगा। सबसे अधिक विशेष रेलगाड़ियां मुज्जफरपुर, दरभंगा, लौकहा बाजार, बरौनी, हावड़ा, वैष्णो देवी कटड़ा, पटना, मुज्जफरपुर आदि के लिए चलाई गई है। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि बीते दो महीने में उत्तर रेलवे द्वारा लगभग 1750 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई हैं।

## दिल्ली में बदले जा सकते हैं रेलवे स्टेशनों के नाम

**तैयारी**

■ अमित झा

**नई दिल्ली।** राजधानी के दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों सहित कुछ अन्य स्टेशनों के नाम बदले जा सकते हैं। इनमें शकूरबस्ती और बिजवासन शामिल है। इन स्टेशनों पर बीते दिनों पुनर्विकास एवं प्लेटफॉर्म बढ़ाने का काम किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि नाम बदलने की शक्ति फिलहाल गृह मंत्रालय के पास है। रेल मंत्रालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि यह शक्ति उन्हें मिल जाए ताकि वह बदलाव कर सके। बता दें कि पहले जहां शकूरबस्ती केवल तीन प्लेटफॉर्म वाला स्टेशन था तो वहीं अब यहां छह प्लेटफॉर्म हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आने वाले दिनों में कुछ महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों को इस स्टेशन पर स्थानांतरित करने की भी योजना है। लेकिन शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन का नाम किसी कॉलोनी या जगह पर नहीं है। इसका नाम रानी बाग, पंजाबी बाग या कुछ और रखा जा सकता है।

बिजवासन स्टेशन अक्तूबर माह से शुरू किया जा सकता है। इस स्टेशन पर पुरानी दिल्ली एवं सराय रोहिल्ला से गाड़ियों को स्थानांतरित करने की योजना है। इसका नाम नहीं भी बदला गया तो बिजवासन के साथ दिल्ली जोड़ा जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सदर बाजार, आदर्श नगर, पटेल नगर, तिलक ब्रिज आदि स्टेशनों के नाम के आगे दिल्ली जोड़ने पर चर्चा हुई है।

## निरीक्षण में उजागर हुईं कई कमियां

**नई दिल्ली, प्रसं।** बुराड़ी स्थित परिवहन विभाग के विभिन्न दफ्तरों का मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सेवा गुणवत्ता का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण के लिए आए नागरिकों से संवाद किया। उन्हें बताया कि लंबे समय तक भवन के बाहर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, साफ पीने का पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस पर मुख्यमंत्री ने अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन, जिला परिवहन कार्यालय, वाहन निरीक्षण इकाई और हेवी मोटर व्हीकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का भी दौरा किया।



**मुख्यमंत्री ने अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई**

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) परियोजना का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नए स्टेशन में एक समय में पांच वाहनों की जांच की जा सकेगी और प्रतिवर्ष 80 से 90 हजार व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। डीटीओ परिसर की स्थिति का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मरम्मत पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि पुनर्विकास किया जाना चाहिए।

### शहर 30S

**‘आवाज उठाने पर कराई एफआईआर’**

**नई दिल्ली।** आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर दिल्ली पुलिस और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की आवाज उठाने से बौखलाई भाजपा के इशारे पर पुलिस से उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस स्कूल में दुष्कर्म की वारदात हुई उसके ट्रस्ट में भाजपा के नेताओं के करीबी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जितने मुकदमे कराए, हम पीछे नहीं हटेंगे।

**सिरसा ने प्रदूषण व विकास कार्यों की समीक्ष की**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को मुंगेशपुर गांव और बावाना औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर प्रदूषण नियंत्रण उपायों तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। मुंगेशपुर में मंत्री ने स्थानीय सिरसा ने डीएसआईआईडीसी अधिकारियों के साथ बावाना औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़कों, जल निकासी, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

**स्टीफंस की प्रिंसिपल का दीक्षा समारोह आज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) और सेंट स्टीफंस कॉलेज के बीच नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर जारी विवाद के बीच कॉलेज ने अपनी नई प्राचार्य प्रोफेसर सुजैन एलियास के स्थापना एवं पदग्रहण समारोह का कार्यक्रम तय कर दिया है। कॉलेज की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समारोह 3 जून को सुबह 8 बजे कॉलेज चैपल में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन बिशप पॉल स्वरूप करेंगे।

**शालीमार बाग गांव में तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी**

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग गांव में मंगलवार को तीसरे दिन भी प्रशासन की अवैध इमारतों को ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी रही। इस संबंध में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट के आदेशों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और सुरक्षाबलों की उपस्थिति में तीसरे दिन भी शालीमार बाग गांव में अवैध इमारतों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रही। जमींदोज की गई अवैध इमारतों के मलबे को दिन भर हटाने का कार्य हुआ।

## दिल्ली रिज प्रबंधन बोर्ड के पुनर्गठन को मंजूरी दी गई

**नई दिल्ली, प्रसं।** दिल्ली के पर्यावरणीय संतुलन और अरावली रिज क्षेत्र के संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से उपराज्यपाल ने दिल्ली रिज प्रबंधन बोर्ड के पुनर्गठन और नई अधिसूचना को मंजूरी दे दी है।

यह कदम उच्चतम न्यायालय के टी.एन. गोदावर्मन मामले के निर्देशों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत उठाया गया है। पुनर्गठित बोर्ड विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर रिज क्षेत्र के संरक्षण और जलवायु संबंधी चुनौतियों से निपटने का कार्य करेगा।

बोर्ड की अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे, जबकि डीडीए के उपाध्यक्ष सदस्य होंगे। इसके अलावा पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, आवासन शहरी कार्य मंत्रालय, एमसीडी, एनडीएमसी, सीपीडब्ल्यूडी, पुलिस, राजस्व ,पर्यावरण-वन विभाग के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक को बोर्ड का सदस्य-सचिव नियुक्त किया गया है।

**विशेषज्ञों को जगह मिली**

बोर्ड में केंद्रीय सशक्त समिति के प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश गोयल के साथ गैर-सरकारी विशेषज्ञों को भी शामिल किया है। सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी अरविंद माधव सिंह और संकला फाउंडेशन की डॉ. मालविका कौल को सदस्य बनाया गया है। इनकी भूमिका रणनीतियों और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की होगी।

## भाजपा ने 14 जिलों के पर्यवेक्षक नियुक्त किए

**नई जिम्मेदारी**

**नई दिल्ली, प्रसं।** भाजपा की दिल्ली प्रदेश इकाई में नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद जिला समितियों के पुनर्गठन की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 14 जिलों के लिए पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है।

केशवपुरम जिले की जिम्मेदारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक गजेंद्र यादव को सौंपी गई है, जबकि चांदनी चौक के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उत्तर पूर्वी जिले के पर्यवेक्षण का जिम्मा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव को दिया गया है। नवीन शाहदरा की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी संयुक्त प्रकोष्ठ शोक ठाकुर, मयूर विहार के लिए एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल गिहरा, शाहदरा के लिए प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग और करोल बाग के लिए पूर्व विधायक डॉ. महेंद्र नागपाल को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

नई दिल्ली जिले में प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल, उत्तर पश्चिम में पूर्व विधायक जय भगवान अग्रवाल, बाहरी दिल्ली में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजकुमार भाटिया, पश्चिमी दिल्ली में विधायक अजय महावर, नजफगढ़ में अशोक देवराह, महरौली में राजन तिवारी और दक्षिणी दिल्ली में विधायक श्याम शर्मा को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

## बीमार बच्ची के लिए फंड देने की मांग

**नई दिल्ली, प्रसं।** प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करने वाली दुर्लभ जेनेटिक बीमारी एलआरबीए की कमी से जूझ रही तीन वर्षीय बच्ची ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर जीवनरक्षक इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है।

पिता की ओर से दाखिल याचिका में केंद्र सरकार को बोन मैरो प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक धनराशि तत्काल जारी करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इलाज पर करीब 40 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। मामले पर इस सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है।

## मेट्रो और बाजारों में कूलिंग जोन

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में गर्मी के दौरान लोगों की मदद के लिए दिल्ली सरकार द्वारा मेट्रो स्टेशन एवं बाजारों में कूलिंग जोन बनाए गए हैं।

नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा सभी 13 जिलों में व्यापक राहत अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लोगों को पीने का पानी, ओआरएस, गमछे, टोपी और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 4.70 लाख लोगों को राहत पहुंचाई गई है।







Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# नल सूख गए, टैंकरों पर निर्भर हुई बड़ी आबादी

पानी का संकट 2

जल संकट के बीच दिल्ली की एक बड़ी आबादी पानी के टैंकरों पर निर्भर है। बुराड़ी, किराड़ी, संगम विहार, देवली, तुगलकाबाद, द्वारका, पालम, नरेला सहित कई इलाकों में टैंकर से आपूर्ति के लिए जल बोर्ड ने जगह चिन्हित की हैं, लेकिन ये समय से नहीं पहुंचते। इसका फायदा निजी टैंकर माफिया भी उठा रहे हैं। हिन्दुस्तान की टीम ने मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति की पड़ताल की। पेश है रिपोर्ट…

## पाइपलाइन भी टूटने लगी, लोग परेशान

### संगम विहार गली नं-8

संगम विहार गली नंबर आठ में कई वर्षों पहले पाइपलाइन बिछाई गई थी। अब तो पाइप भी खराब होने लगे हैं लेकिन पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई। इस वजह से लोगों को टैंकर मंगाने पड़ते हैं।

जल बोर्ड ने समर एक्शन प्लान में हर घर में सप्ताह में एक-एक दिन पानी भेजने का समय निर्धारित किया है। एक दिन में एक टैंकर से पांच घरों में पानी आपूर्ति करना होता है। स्थानीय निवासी अशोक कुमार के घर भी सप्ताह के पहले दिन पानी आने का समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि टैंकर नहीं आता। पानी पीने के लिए 20 रुपये में जार का पानी खरीदना पड़ता है।



गीता कॉलोनी स्थित एक बस्ती में मंगलवार को जल बोर्ड के नगरपालिका टैंकर से पानी भरने पहुंचे लोग। ● सोनू मेहता

## जलाशय के लिए सौ टैंकर की जरूरत, मिल रहे 20

### द्वारकाधीश अपार्टमेंट

सोसाइटी में भूमिगत जलाशय बना हुआ है। इससे छह फ्लैट जुड़े हुए हैं। इनमें करीब 2000 परिवार रहते हैं। इस जलाशय में कमांड टैंक (सीटी)-3 और सीटी-5 से पानी आता है लेकिन इन दिनों पेयजल किल्लत बढ़ गई है तो बोर्ड टैंकर से पानी भेजता है।

इस जलाशय को भरने के लिए 100 टैंकर पानी की जरूरत होती है। जबकि जल बोर्ड 20 टैंकर पानी डालता है, जो छह सोसाइटियों के लिए बहुत कम है। द्वारकाधीश अपार्टमेंट के आरडब्ल्यू की अध्यक्ष और द्वारका फोरम की उपाध्यक्ष अंजना सिन्हा ने बताया कि कुछ दिन पहले बोर्ड के साथ बैठक हुई थी। टैंकर बढ़ाने का आश्वासन दिया लेकिन कुछ नहीं हुआ। कम से कम 40-50 टैंकर पानी मिले तब जाकर राहत मिलेगी। पानी आने का समय निर्धारित नहीं होने से ऑफिस जाने वाले लोगों को परेशानी होती है।

आरडब्ल्यू की अध्यक्ष सिन्हा ने बताया कि जल बोर्ड के टैंकर 15 मिनट से अधिक रुकते नहीं हैं। सोसायटियों में रखी टंकियां भी नहीं भर पाती हैं। इस वजह से लोगों को और ज्यादा दिक्कत होती है। मंगलवार को कमांड टैंक में तकनीकी खराबी के कारण सुबह में पानी नहीं आया।

## घंटों इंतजार के बाद खाली बर्तन लेकर लौट रहे लोग

### जेजे कॉलोनी/बुराड़ी

न्यू सीलमपुर जेजे कॉलोनी में मंगलवार को लोग दोपहर में खाली बाल्टी, कैन और बर्तन लेकर पानी के टैंकर का इंतजार करते नजर आए। घंटों इंतजार के बाद भी टैंकर नहीं पहुंचा। निराश होकर लोगों को खाली बर्तन लेकर ही घर लौटना पड़ा।

स्थानीय निवासी कृष्णा ने बताया कि यहां पर दिन में कुल पांच टैंकर आते हैं। सप्ताह में तीन दिन दोपहर वाला टैंकर नहीं आता है, जिससे दिक्कत बढ़ जाती है। 65 वर्षीय रामायण ने बताया कि यहां पिछले तीन महीनों से नियमित जलापूर्ति ठप है और टैंकर ही एकमात्र सहारा बन गया है। राबिया बताती हैं कि टैंकर से सभी जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। मजबूरन पीने के लिए 30 रुपये प्रति जार पानी खरीदना पड़ता है।

वहीं, करीब छह हजार की आबादी वाले बुराड़ी की पिंकी चौधरी कॉलोनी में पानी की टंकी छतों पर नहीं बल्कि घर के सामने रखनी पड़ती है। क्योंकि टैंकर से पानी छत पर रखी टंकी में नहीं चढ़ता। स्थानीय निवासी प्रतिभा पाठक ने बताया कि एक बार टंकी भरने के बाद फिर सात दिन टैंकर के लिए इंतजार करना पड़ता है।

> रात में भी कई बार उठकर मोटर चलाकर देखते हैं कि पानी आ जाए लेकिन तीन महीनों से नल सूखे पड़े हैं। पानी के चक्कर में रात की नींद भी खराब होती है। – **भुल्लर सिंह**, जेजे कॉलोनी निवासी

> टैंकर से पानी हफ्ते में एक बार के लिए आता है। अगर बीच में पानी खत्म हो गया तो खरीदना पड़ता है। टैंकर के पानी का इस्तेमाल सिर्फ भोजन पकाने और पीने के लिए किया जाता है। – **विनोद यादव**, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पिंकी कॉलोनी

जल शोधन संयंत्रों से पानी आपूर्ति **750** एमजीडी

जल बोर्ड की ओर ट्यूबवेल से की जा रही पानी आपूर्ति **135** एमजीडी

**जिन इलाकों में निजी टैंकर अधिक हैं सक्रिय**

संगम विहार, देवली, द्वारका, अंबेडकर नगर, बाहरी दिल्ली के इलाके

**निजी टैंकरों का शुल्क** 800 रुपये से 1500 रुपये

## हाथ धोने लायक भी पानी नहीं होता

### मायापुरी डीडीए फ्लैट

मायापुरी डीडीए फ्लैट में पिछले कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। एक तो पानी का प्रेशर कम होता है। दूसरा पानी इतना दूषित आता है कि पीना तो दूर हाथ धोने लायक भी नहीं होता है। स्थानीय निवासी हितेश चौहान ने बताया कि पानी देखने में साफ दिखता है लेकिन बदबूदार होता है। वहीं, पश्चिम विहार इलाके की मियांवाली नगर कॉलोनी में पानी की समस्या लंबे समय से है। पुरुषोत्तम कालरा ने बताया कि पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है।

## आवश्यकता के अनुसार पानी मिलेगा

**फैसला**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में पानी की समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए दिल्ली सरकार इसकी वितरण व्यवस्था में बदलाव करेगी। इसके तहत यह तय किया जाएगा कि किस क्षेत्र को कितनी देर पानी मिलना चाहिए।

जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि कुछ इलाकों में कम आबादी को ज्यादा पानी जबकि ज्यादा आबादी वाले क्षेत्रों को कम पानी मिल रहा है। जल बोर्ड इसे लेकर काम कर रहा है, ताकि आबादी के अनुसार पानी उपलब्ध कराया जा सके। दिल्ली में हर वर्ष पानी की मांग बढ़ रही है, जबकि उपलब्ध जल संसाधन सीमित हैं। गर्मियों के चरम मौसम में दिल्ली को लगभग 1,250 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) पानी की आवश्यकता होती है। जबकि दिल्ली में एक हजार एमजीडी पानी उत्पादित होता है।

मंत्री ने बताया कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व, जल मांग, उपलब्ध आपूर्ति और मौजूदा अवसंरचना का वैज्ञानिक अध्ययन करवाएगी। इसका उद्देश्य ऐसी संतुलित जल वितरण व्यवस्था विकसित करना है, जिससे किसी भी क्षेत्र को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। यमुना में जल का स्तर घटने के चलते पिछले कुछ दिनों में जल उत्पादन में लगभग 100 एमजीडी की कमी आई है।

**पानी की बर्बादी रोकने के लिए उठा रहे कदम :** जल बोर्ड जल वितरण नेटवर्क में होने वाली नॉन-रेवेन्यू वॉटर (रिसाव, चोरी और तकनीकी खामियों के कारण होने वाले जल नुकसान) को कम करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रहा है। सरकार डीएसबी नहर को खुली नहर प्रणाली से बंद पाइपलाइन आधारित प्रणाली में बदलने पर विचार कर रही है। वर्तमान में डीएसबी नहर प्रणाली में लगभग 40 से 45 प्रतिशत पानी का नुकसान हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए आईआईटी रुड़की से अध्ययन कराया जा रहा है।

### 13 विधानसभाओं में ही आ रही ज्यादा शिकायतें

मंत्री ने बताया कि दिल्ली में 70 में से केवल 12-13 विधानसभाओं में ही पानी की समस्या है और लोगों द्वारा यहां से शिकायतें आ रही हैं। इसका बड़ा कारण यहां पानी की कम आपूर्ति है। यह विधानसभा गोकलपुर, सुल्तानपुर, उत्तम नगर, घोंडा, बुराड़ी, विकासपुरी, ओखला, देवली, किराड़ी, बदरपुर, संगम विहार, मुस्तफाबाद और करावल नगर हैं। हालांकि, बीते वर्षों के मुकाबले यहां से आने वाले शिकायतों में कमी देखने को मिली है।

### दिल्ली में बदली जाएंगी पुरानी पाइपलाइनें

मंत्री ने कहा कि जल वितरण प्रणाली के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था है। दिल्ली के 16,634 किलोमीटर लंबे जल वितरण नेटवर्क में से लगभग 5,500 किलोमीटर पाइपलाइनें 30 वर्ष से अधिक पुरानी हैं। इन पुरानी पाइपलाइनों में रिसाव और प्रदूषण की संभावना अधिक रहती है, जिससे बड़ी मात्रा में शोधित पानी उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले ही नष्ट हो जाता है। अब इन सबको बदला जाएगा।



### ड्यूल पाइपिंग सिस्टम को बढ़ावा देंगे

मंत्री ने बताया कि दिल्ली में एक हजार एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है, जिसमें से 800 एमजीडी पानी सीवेज में आ जाता है। नई व्यवस्था में सीवेज का शोधित पानी अलग पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से शौचालय फ्लशिंग, बागवानी, लैंडस्केपिंग, निर्माण कार्यों और वाहन धुलाई जैसे गैर-पीने योग्य कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं ताजा पेयजल केवल पीने और घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। सरकार सबसे पहले ड्यूल पाइपिंग सिस्टम को सरकारी भवनों और सार्वजनिक संस्थानों में लागू करेगी।

शहर 30s



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हज यात्रा पूरी कर लौटे श्रद्धालुओं का परिजनों और रिश्तेदारों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। ● एजेंसी

### दिल्ली जल बोर्ड में चार नई नियुक्तियां

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। जारी आदेश के अनुसार सतीश उपाध्याय को दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि विधायक मनोज कुमार शौकीन, अजय कुमार महावर और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के प्रतिनिधि राजेश कुमार गोयल को बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है।

### विरोध के बाद हिरासत में लिए गए आप विधायक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के बुराड़ी क्षेत्र के विधायक संजीव झा को मंगलवार रात पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वे जगतपुर गांव में एमसीडी की घरों को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध में सांसद मनोज तिवारी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे थे। इससे पहले मंगलवार दोपहर वे जगतपुर में मौके पर भी पहुंचे थे और एमसीडी की कार्रवाई का विरोध किया था।

### डॉक्टरों ने रोबोटिक तकनीक से सर्जरी की

**नई दिल्ली।** एम्स के डॉक्टरों ने दिल्ली में बैठकर एम्स रायपुर में रोबोटिक तकनीक से मरीज के गॉल ब्लैडर की सर्जरी की। एम्स दिल्ली के जनरल सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील चुंबर ने टेलीटेलीप्रेजेंस तकनीक का इस्तेमाल करके एम्स रायपुर के डॉक्टरों की टीम को रोबोटिक सर्जरी में सहायता की। इसमें दोनों संस्थानों के सर्जन एक दूसरे से मरीज की सर्जरी की प्रक्रिया पर चर्चा की।

### रेलकर्मियों को सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** बड़ौदा हाउस स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय में मंगलवार को महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने कर्मचारियों को श्महाप्रबंधक संरक्षा सेवा पुरस्कार प्रदान किए। मई 2026 माह में संरक्षा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को उन्होंने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजधानी में डेंगू के मई में 35 मामले दर्ज हुए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। एमसीडी की मच्छर जनित बीमारियों की साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार, मई में डेंगू कुल 35 मामले, मलेरिया के आठ नए मामले और चिकनगुनिया का दो मामले दर्ज हुआ। निगम की 30 मई तक मच्छर जनित बीमारियों की रिपोर्ट के तहत इतने मामले सामने आए हैं। इस वर्ष दिल्ली में डेंगू के कुल 145 मामले और मलेरिया के 37 मामले हैं।

### मच्छर प्रजनन मिलने पर 27 हजार नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर एमसीडी प्रशासन ने घरेलू प्रजनन जांचकर्ता और मल्टी टास्क स्टाफ कर्मचारियों को सभी जोन में तैनात किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 30 मई तक 29 हजार 73 घरों में मच्छर प्रजनन पाए गए। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कुल 27 हजार 934 कानूनी नोटिस जारी किए। एक लाख से अधिक घरों में दवा का छिड़काव किया।

### जीएसटी धोखाधड़ी मामले में सीए को दी जमानत

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अतुल गुप्ता को जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि मामला वर्ष 2020 से लंबित है और इस स्थिति में आरोपी को न्यायिक हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं बनता। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित शर्मा की अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि जांच अधिकारी आरोपी के जवाबों से संतुष्ट नहीं है, तो यह अकेले उसे न्यायिक हिरासत में रखने का आधार नहीं हो सकता।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली ई–निविदा सूचना, दिनांक: 01.06.2026

| **BENEFITS PAID (Net)** | **20,09,383** | **9,96,728** | **55,887** | **69,735** | **8,34,781** | **49,729** | **2,523** | **17,02,581** | **7,96,869** | **39,509** | **55,257** | **7,54,496** | **53,668** | **2,782** |
| Interim Bonuses Paid | 226 | 226 | - | - | - | - | - | 249 | 248 | 1 | - | - | - | - |
| Change in valuation of liability in respect of life policies | | | | | | | | | | | | | | |
| (a) Gross | 18,32,648 | 14,82,563 | 2,61,125 | 74,977 | 11,108 | 2,850 | 25 | 17,21,374 | 14,67,943 | 1,87,429 | 53,740 | 11,764 | 506 | (8) |
| (b) Amount ceded in Reinsurance | (1,02,286) | (1,02,118) | - | (30) | (138) | - | - | (27,719) | (27,327) | - | (244) | (148) | - | - |
| (c) Amount accepted in Reinsurance | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (d) Fund Reserve for Linked Policies | (12,835) | - | - | - | 12,247 | (31,498) | 6,416 | 3,56,003 | - | - | - | 3,78,076 | (25,220) | 3,147 |
| (e) Fund for Discontinued Policies | (979) | - | - | - | 4,782 | (5,761) | - | 2,876 | - | - | - | 5,572 | (2,696) | - |
| **TOTAL (C)** | **37,26,157** | **23,77,400** | **3,17,012** | **1,44,682** | **8,62,780** | **15,320** | **8,964** | **37,55,363** | **22,37,733** | **2,26,939** | **1,08,753** | **11,49,760** | **26,258** | **5,921** |
| **SURPLUS/ (DEFICIT) (D) =(A)-(B)-(C)** | **(7,352)** | **(33,326)** | **8,395** | **16,395** | **4,750** | **(3,613)** | **47** | **33,360** | **20,274** | **(364)** | **19,440** | **(7,536)** | **1,494** | **52** |
| Amount transferred from Shareholders' Account (Non-Technical Account) | 80,852 | 89,953 | - | (12,734) | - | 3,633 | - | 31,837 | 41,195 | 1,002 | (19,440) | 9,080 | - | - |
| **AMOUNT AVAILABLE FOR APPROPRIATION** | **73,500** | **56,627** | **8,395** | **3,661** | **4,750** | **20** | **47** | **65,197** | **61,469** | **638** | **0** | **1,544** | **1,494** | **52** |
| **APPROPRIATIONS** | | | | | | | | | | | | | | |
| Transfer to Shareholders' Account | 45,103 | 30,558 | 7,983 | 3,661 | 2,854 | - | 47 | 27,772 | 26,227 | 12 | - | - | 1,481 | 52 |
| Transfer to Other Reserves (to be specified) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| Balance being Funds for Future Appropriations | 28,397 | 26,069 | 412 | - | 1,896 | 20 | - | 37,425 | 35,242 | 626 | - | 1,544 | 13 | - |
| **TOTAL** | **73,500** | **56,627** | **8,395** | **3,661** | **4,750** | **20** | **47** | **65,197** | **61,469** | **638** | **-** | **1,544** | **1,494** | **52** |

### FORM L-2-A-A-PL
### PROFIT & LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED MARCH 31, 2026
### Shareholders' Account (Non-technical Account)

(Amount in Rs. Lakhs)

| Particulars | FOR THE YEAR ENDED March 31, 2026 | FOR THE YEAR ENDED March 31, 2025 |
|---|---|---|
| **Amounts transferred from the Policy-holders Account (Technical Account)** | 45,103 | 27,772 |
| **Income From Investments** | | |
| (a) Interest, Dividends & Rent – Gross | 64,898 | 53,103 |
| (b) Profit on sale/redemption of investments | 17,282 | 6,606 |
| (c) (Loss on sale/ redemption of investments) | (1,313) | (1,218) |
| (d) Amortisation of Premium / Discount on Investments | (90) | 15 |
| Other Income (Miscellaneous Income) | 1,644 | 2,788 |
| **TOTAL (A)** | **1,27,524** | **89,066** |
| **Expense other than those directly related to the insurance business** | 1,631 | 6,074 |
| **Contribution to Policyholders' A/c** | | |
| (a) Towards Excess Expenses of Management | - | - |
| (b) Towards remuneration of MD/CEO/WTD/Other KMPs | 1,065 | 828 |
| (c) Others | - | - |
| Interest on subordinated debt | 11,183 | 4,196 |
| Expenses towards CSR activities | 850 | 1,000 |
| Penalties | - | 1 |
| Bad debts written off | - | - |
| Amount Transferred to Policyholders' Account | 80,852 | 31,837 |
| **Provisions (Other than taxation)** | | |
| (a) For diminution in the value of investments (Net) | 57 | 281 |
| (b) Provision for doubtful debts | - | - |
| (c) Others (Provision for Standard Asset) | 14 | 9 |
| **TOTAL (B)** | **95,652** | **44,226** |
| **Profit/ (Loss) before tax** | **31,872** | **44,840** |
| Provision for Taxation | 4,139 | 4,201 |
| **Profit / (Loss) after tax** | **27,733** | **40,639** |
| **APPROPRIATIONS** | | |
| (a) Balance at the beginning of the year | 2,20,356 | 1,81,697 |
| (b) Interim dividend paid | 1,732 | - |
| (c) Final dividend paid | - | - |
| (d) Transfer to reserves | | |
| - Debenture Redemption Reserve | 3,592 | 1,992 |
| - ESOP Reserve | (2) | (12) |
| **Profit/Loss carried forward to Bal-ance Sheet** | **2,42,767** | **2,20,356** |

### FORM L-3-A-A-BS
### BALANCE SHEET AS AT MARCH 31, 2026

(Amount in Rs. Lakhs)

| Particulars | As At March 31, 2026 | As At March 31, 2025 |
|---|---|---|
| **Sources of Funds** | | |
| **Shareholders' Funds:** | | |
| Share Capital | 2,06,139 | 2,06,139 |
| Share Application Money Pending Allotment | - | - |
| Reserves And Surplus | 4,26,540 | 3,97,835 |
| Credit/(Debit) Fair Value Change Account | (6,860) | 8,463 |
| **Sub-Total** | **6,25,819** | **6,12,437** |
| **Borrowings** | **1,79,600** | **99,600** |
| Policyholders' Funds: | | |
| Credit/(Debit) Fair Value Change Account | 27,858 | 4,24,023 |
| Policy Liabilities | 1,31,59,515 | 1,14,29,152 |
| Funds for discontinued policies: | | |
| (i) Discontinued on Account of non-payment of premiums | 5,39,919 | 5,40,898 |
| (ii) Others | - | - |
| Insurance Reserves | - | - |
| Provision for Linked liabilities | 42,23,073 | 42,35,908 |
| **Sub-Total** | **1,81,29,965** | **1,67,29,581** |
| **Funds for Future Appropriations** | | |
| Linked | 3,473 | 1,557 |
| Non-Linked (Non-PAR) | - | - |
| Non-Linked (PAR) | 4,49,620 | 4,23,139 |
| **Deferred Tax Liabilities (Net)** | - | - |
| **TOTAL** | **1,92,08,877** | **1,77,66,714** |
| **Application of Funds** | | |
| **Investments** | | |
| Shareholders' | 9,68,381 | 9,09,316 |
| Policyholders' | 1,32,48,093 | 1,18,21,104 |
| Assets held to cover Linked Liabilities | 47,62,992 | 47,76,806 |
| **Loans** | 1,46,687 | 1,25,512 |
| **Fixed Assets** | 52,867 | 49,378 |
| **Deferred Tax Assets (Net)** | **-** | **-** |
| **Current Assets:** | | |
| Cash and Bank Balances | 2,17,057 | 1,32,853 |
| Advances and Other Assets | 4,64,354 | 4,53,112 |
| **Sub-Total (A)** | **6,81,411** | **5,85,965** |
| Current Liabilities | 6,36,011 | 4,94,897 |
| Provisions | 15,543 | 6,470 |
| **Sub-Total (B)** | **6,51,554** | **5,01,367** |
| **Net Current Assets (C) = (A – B)** | **29,857** | **84,598** |
| **Miscellaneous Expenditure (to the extent not written off or adjusted)** | **-** | **-** |
| **Debit Balance in Profit & Loss Ac-count (Shareholders' Account)** | **-** | **-** |
| **Deficit in Revenue Account (Policy-holders' A/c)** | **-** | **-** |
| **TOTAL** | **1,92,08,877** | **1,77,66,714** |

### FORM L-22A - ANALYTICAL RATIOS
### Analytical Ratios for Life Companies

| Particulars | FOR THE YEAR ENDED March 31, 2026 | FOR THE YEAR ENDED March 31, 2025 |
|---|---|---|
| **New Business Premium Growth Rate** | | |
| (i) Linked Business | 6% | 52% |
| (ii) Non-Linked Business | 25% | -2% |
| Participating | 18% | -2% |
| Non Participating | 28% | -2% |
| **Percentage of Single Premium (Individual Business) to Total New Business Premium (Individual Business)** | 22% | 24% |
| **Percentage of Linked New Business Premium (Individual Busi-ness) to Total New Business Premium (Individual Business)** | 32% | 36% |
| **Net Retention Ratio** | 98% | 98% |
| **Conservation Ratio (Segment wise)** | | |
| (i) Linked Business | 77% | 77% |
| (ii) Non-Linked Business | 86% | 85% |
| Participating | 84% | 84% |
| Non Participating | 87% | 86% |
| **Expense of Management to Gross Direct Premium Ratio** | 25% | 23% |
| **Commission Ratio (Gross commission and Rewards paid to Gross Premium)** | 11% | 9% |
| **Ratio of Policyholders' Fund to Shareholders' funds** | 30.31 | 28.64 |
| **Change in net worth (Amount in Rs. Lakhs)** | 11,021 | 2,04,179 |
| **Growth in Net worth** | 2% | 52% |
| **Ratio of Surplus to Policyholders' Fund** | 0.0% | 0.20% |
| **Profit after tax / Total Income** | 1% | 1% |
| **(Total Real Estate + Loans)/(Cash & Invested Assets)** | 0.02 | 0.01 |
| **Total Investments/(Capital + Reserves and Surplus)** | 30.91 | 28.99 |
| **Total Affiliated Investments/(Capital+ Reserves and Surplus)** | 0.13 | 0.12 |
| **Investment Yield -Fund wise -With/Without unrealised gain** | | |
| **Policyholders' Funds:** | | |
| Par - Non Linked | -0% / 8% | 11% / 9% |
| Non Par - Non Linked | -2% / 8% | 10% / 8% |
| Non Par - Linked | -2% / 6% | 8% / 13% |
| Total-Policyholder's Fund | -1% / 8% | 10% / 10% |
| **Shareholders' Funds** | 3% / 9% | 10% / 8% |
| **Persistency Ratio - Premium Basis (Regular Premium / Limited Premium Payment under Individual category)** | | |
| For 13th month | 83% | 85% |
| For 25th month | 73% | 74% |
| For 37th month | 66% | 62% |
| For 49th month | 58% | 57% |
| For 61st month | 58% | 53% |
| **Persistency Ratio - Number of Policy Basis (Regular Premium / Limited Premium Payment under Individual category)** | | |
| For 13th month | 83% | 83% |
| For 25th month | 75% | 75% |
| For 37th month | 68% | 68% |
| For 49th month | 64% | 60% |
| For 61st month | 59% | 52% |
| **NPA Ratio** | | |
| **Policyholders' Funds** | | |
| Gross NPA Ratio | 0.00% | 0.00% |
| Net NPA Ratio | 0.00% | 0.00% |
| **Shareholders' Funds** | | |
| Gross NPA Ratio | 0.00% | 0.09% |
| Net NPA Ratio | 0.00% | 0.00% |
| **Solvency Ratio** | 1.94 | 2.01 |
| **Debt Equity Ratio** | 0.30 | 0.17 |
| **Debt Service Coverage Ratio** | 3.85 | 11.69 |
| **Interest Service Coverage Ratio** | 3.85 | 11.69 |
| **Average ticket size in Rs. - Individual premium (Non-Single)** | 1,04,606 | 1,03,581 |

Notes:-
1) This disclosure is being made in accordance with and as per the definition given by IRDAI circular no. IRDAI/F&A/CIR/MISC/256/09/2021 dated September 30, 2021.
2) The persistency ratios for year to date as at March 31, 2026 have been calculated on 30th April 2026 for the policies issued in the April to March period of the relevant years. E.g.: the 13th month persistency for the current year is calculated for the policies issued from April 2024 to March 2025. The persistency ratios for year ended 31st March 2025 have been calculated in a similar manner.
3) Previous Year figures have been regrouped/ reclassified wherever necessary to make them comparable with those of current year.
4) *Growth as compared to March 2025

For and on behalf of the Board of Directors
sd/-

Sumit Madan
(Managing Director & Chief Executive Officer)

ARN: Axis Max Life/FCB/Brand/Financial Disclosure Ad/May 2026

**BEWARE OF SPURIOUS / FRAUD PHONE CALLS!** • IRDAI or its officials do not involve in activities like selling insurance policies, announcing bonus or investments of premiums. • Public receiving such phone calls are requested to lodge a police complaint.

कुछ दलों ने आय बचा कर रखी, आंकड़ों के विश्लेषण से खुलासा

# कमाई कम हुई पर चुनावी खर्च में क्षेत्रीय दल आगे


**रिपोर्ट**

■ प्रभात कुमार

**नई दिल्ली।** आय में भारी कमी के बाद भी देश के अधिकांश क्षेत्रीय दल अपनी चुनावी अभियान में खर्च करने में पीछे नहीं है। समाजवादी पार्टी (सपा), जनता दल यूनाइटेड (जद-यू), टीएमसी, वाईएसआर-कांग्रेस सहित 21 क्षेत्रीय दल अपनी आय से अधिक खर्च कर रहे हैं।

हालांकि कुछ क्षेत्रीय दल ऐसे में अपनी आय को खर्च करने के बजाए, बचाकर कर रखे हुए हैं। इसका खुलासा, क्षेत्रीय दलों द्वारा भारत के निर्वाचन आयोग में जमा कराए गए अपनी आय और खर्च के लेखाजोखा के आंकड़ों के विश्लेषण से हुआ है।

**सबसे अधिक खर्च करने वाले पांच दल**




**खातों के लेखाजोखा का विश्लेषणः** भारतीय चुनाव और राजनीति पर नजर रखने वाली गैर सरकारी संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने 36 क्षेत्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा कराए गए अपने खातों के लेखाजोखा का विश्लेषण किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक समाजवादी पार्टी, जद-यू, टीएमसी, वाईएसआर-कांग्रेस, बीआरएस, बीजू-जनता दल, डीएमके, अपना दल (सोनेलाल), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, डीएमके सहित 21 क्षेत्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपनी आय से ज्यादा खर्च किया है।

**खर्च करने के बजाए बचत पर जोरः** टीडीपी, एमएनएस, एआईडीएमके जैसी 15 क्षेत्रीय दलों ने खर्च करने के बजाए बचत पर जोर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 36 क्षेत्रीय पार्टियों ने 2024-25 में 1433.068 करोड़ रुपये खर्च किया था। इनमें से महज 5 दलों ने ही 1111.582 करोड़ यानी कुल खर्च का 77.567 फीसदी खर्च किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, 36 क्षेत्रीय दलों की कुल घोषित आय 1192.944 करोड़ रुपये थी, जबकि इन दलों ने कुल 1433.068 करोड़ रुपये खर्च किया जो उनकी घोषित आय से 240.124 करोड़ रुपये यानी 20.13 फीसदी अधिक है। जिन 5 दलों को सबसे अधिक आय उनमें टीडीपी, टीएमसी, वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस और बीजू जनता दल शामिल है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक टीडीपी की आय सबसे अधिक 228.315 करोड़ रुपये हुई।

**क्षेत्रीय दलों में आय में 50 फीसदी से भी अधिक की गिरावटः** रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में क्षेत्रीय दलों की आय में भारी गिरावट देखने को मिली। 2023-24 में जहां क्षेत्रीय दलों की कुल आय 2463.175 करोड़ थी, लेकिन 2024-25 में यह घटकर महज 1192.944 करोड़ रुपये रह गई। आंकड़ों के मुताबिक क्षेत्रीय दलों में आय में 51.57 फीसदी यानी 1270.231 की कमी आई।

# देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में दिल्ली का दबदबा बढ़ा

**रैंकिंग**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों का मूल्यांकन करने वाली संस्था इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) ने वर्ष 2026 के लिए भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और एमबीए संस्थानों की नवीनतम सूची जारी कर दी है। इस बार की सूची में दिल्ली और मुंबई ने अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

**निजी संस्थानों में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा :** सरकारी संस्थानों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के संस्थानों में भी शिक्षा के स्तर को सुधारने की होड़ देखी गई है। निजी व्यावसायिक प्रबंधन (एमबीए) संस्थानों की श्रेणी में मुंबई के एस पी जैन प्रबंध एवं अनुसंधान संस्थान को पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि झारखंड के एक्सएलआरआई जमशेदपुर को दूसरा स्थान मिला है। निजी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में राजस्थान के पिलानी स्थित बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स पिलानी) अग्रणी बनकर उभरा है। इस प्रकार की सूचियों से न केवल संस्थानों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, बल्कि देश भर के विद्यार्थियों को अपने उज्जवल भविष्य के लिए सही और सटीक संस्थान चुनने में भी बड़ी मदद मिलती है।




**02** स्थान पर दिल्ली विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया को तीसरा स्थान मिला

■ आईआईआरएफ ने जारी की नई रैंकिंग

## डीयू और जामिया मिल्लिया इस्लामिया भी सूची में

देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में देश की राजधानी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके ठीक बाद दूसरे स्थान पर भी दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपना कब्जा जमाया है। वहीं, जामिया मिल्लिया इस्लामिया को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा दक्षिण भारत से हैदराबाद विश्वविद्यालय चौथे स्थान पर और उत्तर प्रदेश का प्रतिष्ठित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) पांचवें स्थान पर रहा है। शिक्षण व्यवस्था, अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण जैसे कड़े मानकों को अपनाया है।

## इंजीनियरिंग में आईआईटी बॉम्बे ने मारी बाजी

देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षा यानी इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी बॉम्बे को पहला स्थान मिला है। इसके बाद आईआईटी मद्रास दूसरे स्थान पर और आईआईटी दिल्ली तीसरे स्थान पर रहे हैं। आईआईटी खड़गपुर को चौथा और आईआईटी कानपुर को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।

**व्यावसायिक शिक्षा में अहमदाबाद आगे :** व्यावसायिक प्रबंधन (एमबीए) में इस वर्ष भी सरकारी और भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) का वर्चस्व देखने को मिला है। इस सूची में आईआईएम अहमदाबाद को देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान चुना गया है।

# इस्तीफे की खबरों के बीच शाह से मिले अन्नामलाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के पूर्व भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी छोड़ने और नया दल बनाने की अटकलों के बीच मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की।

■ तमिलनाडु विधान सभा चुनाव से ही चल रहे हैं नाराज

■ नई पार्टी गठन की अटकलों के बीच किया दिल्ली दौरा

अन्नामलाई और शाह की मुलाकात करीब 30 मिनट तक चली। अन्नामलाई मीडिया से बात किए बिना वहां से चले गए। दोनों के बीच क्या वार्ता हुई, इसकी जानकारी तत्काल सामने नहीं आ पाई है।

दावा यह भी किया गया कि अन्नामलाई ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से भी मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जबकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। खबरों के मुताबिक अन्नामलाई उनकी जगह नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष बनाने और विधानसभा चुनावों से पहले अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन किए जाने के बाद से ही नाराज हैं। कोयंबटूर क्षेत्र के भाजपा सदस्यों को अन्नामलाई के विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने बाद में स्पष्ट किया कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। अन्नामलाई नई पार्टी गठित करने की अटकलों के बीच पार्टी नेतृत्व से मिलने के लिए सोमवार को दिल्ली पहुंचे।

# एआई-डाटा सेंटर के प्रमुख बाजारों में शामिल होगा भारतः रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत आने वाले वर्षों में एआई और डाटा सेंटर क्षेत्र में प्रमुख बाजारों में शामिल होगा।

इसके पीछे डाटा सेंटर क्षमता का तेजी से विस्तार, एआई आधारित सेवाओं की बढ़ती मांग और सरकार की नीतिगत सहायता प्रमुख कारण हैं। वैश्विक रियल एस्टेट परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का डाटा सेंटर उद्योग तेज विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है। देश के सात प्रमुख बा एआई इस क्षेत्र में मांग का सबसे बड़ा कारक बनकर उभरा है।

**Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited**
(CIN: U85310UP2018SGC102425) (A Government of Uttar Pradesh Undertaking)
Address: SUDA Bhawan, 7/23, Sector-7, Gomati Nagar Extension, Lucknow

Advertisement No:- UPMSCL/04/HR/2026-27/227 Dated: 01/06/2026

Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited invites application for the following positions on Deputation/ Contractual:

| Sr. No. | Designation | Maximum Age Limit (In year) | Vacancy | Category | Mode of Recruitment | Honoraria in INR (Monthly) | Essential Qualification | Desirable Qualification | Post Qualification experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | General Manager (AHL) | 45 | 01 | UR | Deputation/ Contractual | (78,800-1,40,000) Pay Level - 12 (in case of Deputation) | Applicant must have MBA degree in Human Resources from recognized Institution/University | Degree in Law from recognized Institution/ University | Applicant must have minimum 8 year's Overall experience with at least 3 years of supervisory experience |
| 2 | Manager (Legal) | 45 | 01 | UR | Deputation/ Contractual | (56,100-80,000) Pay Level -10 (in case of Deputation) | Applicant must have Bachelor Degree in Law (LLB) from UGC recognized Indian University | Applicant have master degree in law (LLM) from UGC recognized Indian University | Applicant must have 5 year's work experience as a full time Manager Legal in any Company (Govt. Private) |
| 3 | Pharmacist (Drug Procurement) | 45 | 01 | SC | Deputation/ Contractual | (47,600-50,000) Pay Matrix -8 (in case of Deputation) | Applicant must have full time B.Pharma degree or graduate in Science (Chemistry/Bio-Chemistry) discipline from a recognized University/institution | Applicants with M.Pharma degree will be preferred | Applicant must have 01 year overall experience, of which at least six months experience must be in drug procurement drug logistics or drug supply chain |

* Interested Candidates must send their application form in the prescribed format along with self attested relevant document by speed post/registered AD from Indian Postal Department by mentioning on the envelop " Application for the (Post Name)" to I/C GM (AHL), SUDA Bhawan 7/23 sector -7 Gomti nagar extension, Lucknow PIN:226002. Applications sent by any other mode shall not be entertained. Submission of Application Starts from June 02, 2026. * The Last Date of Submission of Application is July 01, 2026 at 06:00 PM.* Regular government (Department/Corporations/Institutions) employees with suitable experience on seniority (matrix level) are encouraged to apply on deputation. * Vacancies shall be subject to the State reservation policy of Uttar Pradesh. * Age relaxation shall be provided as per the State reservation policy. Candidate applying on Deputation shall be in accordance with Govt. of UP Service Norms. * Please note that last date of application form shall be taken as a reference date for computing age, qualification, experience etc. Application not received on prescribed format will be rejected. Application format may be download from the website:- www.upmsc.in

For vacancy notification and other related detailed information please visit www.upmsc.in

Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh

# देश में विदेशियों के रुकने के नियम और सख्त किए

**बदलाव**

■ 80 दिन होने से पूर्व कराना होगा पुनः पंजीकरण

■ भारतीय मूल के बच्चों को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आप्रवास और विदेशियों विषयक नियम, 2025 में महत्वपूर्ण संशोधनों को अधिसूचित किया है। नए नियमों के तहत भारत आने वाले विदेशी नागरिकों के ठहरने और भारत में जन्मे बच्चों के पंजीकरण से जुड़े प्रावधानों को बदला गया है।

संशोधित नियमों के अनुसार, जो विदेशी नागरिक 180 दिन या उससे कम अवधि के वीजा पर भारत आ रहे हैं और अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रुकना चाहते हैं, उन्हें अब 180 दिन की अवधि समाप्त होने से पहले किसी भी समय अपना पंजीकरण कराना होगा। यह नया प्रावधान उस पुराने नियम का स्थान लेगा, जिसमें भारत आगमन के 180 दिन पूरे होने के बाद अगले 14 दिन के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य था। वहीं, नए नियमों में उन बच्चों को थोड़ी राहत दी गई है जिनके माता-पिता में से कोई एक भारतीय नागरिक है। पुराने नियमों के तहत, यदि किसी बच्चे के माता-पिता में से कोई एक या दोनों विदेशी नागरिक होते थे, तो बच्चे के जन्म के बाद माता-पिता को नए वीजा और देश छोड़ने की अनुमति जैसी सेवाओं के लिए 30 दिनों के भीतर निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप्लिकेशन पर पंजीकरण अधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचित करना पड़ता था।

# रुद्रम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्वदेशी सैन्य क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक और कामयाबी हासिल की है। डीआरडीओ और वायुसेना ने हवा से सतह पर मार करने वाली रुद्रम-2 मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। डीआरडीओ ने मंगलवार को एक्स पर ये जानकारी दी।

डीआरडीओ ने बताया कि हवाई प्लेटफॉर्म से मिसाइल का परीक्षण हुआ। परीक्षण में मिसाइल ने सटीकता, विश्वसनीयता और उन्नत तकनीकी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन किया। मिसाइल सभी मानकों पर खरी उतरी। रुद्रम-2 मिसाइल को डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित इमारत अनुसंधान केंद्र ने स्वदेशी तकनीक से तैयार किया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों और सभी औद्योगिक सहयोगियों को बधाई दी।

**THE EMBASSY OF THE UNITED STATES OF AMERICA**

**E-Auction of IT equipment, Furniture, Appliances and Vehicles**

**The American Embassy New Delhi** will conduct an e-auction of **IT equipment, furniture, appliances, and vehicles** on an **"as is-where-is"** basis through Accurate Auctioneer. All items will be organized into auction lots and displayed on the online portal, which will go live on **06 June 2026, starting at 10:00 a.m.**
As this will be a virtual auction, there will be no physical inspection involved.
For more details, please visit: www.accurateauctioneers.in or contact **Accurate Auctioneers** at **9868215515** *or* **8076863359.**

**उ0प्र0 लोक सेवा आयोग**

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या ए–6/ई–1/2025, दिनांक 12.08.2025 के अन्तर्गत विज्ञापित **प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा–2025** से सम्बन्धित 13 विषयों यथा– हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, उर्दू, गणित, समाजशास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, नागरिक शास्त्र एवं रसायन विज्ञान की परीक्षा दिनांक 14 जून, 2026 (रविवार) को प्रदेश के 67 जनपदों में एक सत्र में (पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक) तथा उक्त परीक्षा में सम्मिलित प्रवक्ता (कारागार प्रशासन) से सम्बन्धित 02 विषय, **मनोविज्ञान विषय** की परीक्षा दिनांक 17 जून, 2026 को प्रथम सत्र में (09:30 बजे से 11:30 बजे तक) एवं **अपराध विज्ञान और दण्डशास्त्र विषय** की परीक्षा दिनांक 17 जून, 2026 को द्वितीय सत्र में (02:30 बजे से 04:30 बजे तक) लखनऊ जनपद में आयोजित की जाएगी।

संख्या– 19/11/ई–2/2025–26
दिनांकः प्रयागराज, 02 जून, 2026

हर्ष देव पाण्डेय
(परीक्षा नियंत्रक)

# दो बसों में टक्कर से सात की मौत, 40 लोग घायल

**सूरत,एजेंसी।** गुजरात के सूरत में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसों के बीच हुई भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और लगभग 40 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद एक बस में भीषण आग लग गई।

सूरत जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश गधिया के अनुसार, यह दुर्घटना ऊवा गांव के पास उस मार्ग पर हुई जो महाराष्ट्र को गुजरात से जोड़ता है। इनमें से एक बस सूरत से धुले की ओर जा रही थी, दूसरी बस महाराष्ट्र के चालीसगांव से सूरत की तरफ आ रही थी। बारदोली से महाराष्ट्र की ओर जा रही बस ने पहले एक ट्रैक्टर को टक्कर मारी।

**LOKPAL OF INDIA**

Lokpal of India has issued a Vacancy Circular dated 29.05.2026 for filling up of 01 posts of Doctor (Allopathy) on short term contractual basis.

Interested candidates are requested to present themselves for Walk-in-interaction on **15.06.2026** at **12 Noon** at 6, Vasant Kunj Institutional Area-Phase-II, New Delhi-110070. For more details, please visit the website of Lokpal of India. Link: **www.lokpal.gov.in**

**भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान**
**लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली-110012**

**विज्ञापन नोटिस (साक्षात्कार)**

संस्थान के अंतर्गत चल रही परियोजना में कुल **01 यंग प्रॉफेशनल-I, 01 यंग प्रॉफेशनल-II, एवं 01 सीनियर रिसर्च फैलो** की पोजिशन को भरने के लिए साक्षात्कार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 25.06.2026 को आयोजित किया जाएगा तथा अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.06.2026 रहेगी। यह नियुक्ति अनुबंधित आधार पर होगी और संबंधित परियोजना के साथ सह-टर्मिनस होगी। प्रत्याशी द्वारा आई.सी.ए.आर.-आई.ए.एस.आर.आई के तहत नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं होगा। रिक्तियों की योग्यता एवं अन्य सूचनाओं की विस्तृत जानकारी संस्थान की वैबसाइट **https://iasri.icar.gov.in/Emp_vacancy.aspx** पर उपलब्ध रहेगी।

ह./-
मि.सं. 1(5)/2026-जीएएस
**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

# महाराष्ट्र में किसानों के ऋण माफी को मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने दो लाख तक के कृषि ऋण को माफ करने की योजना को मंजूरी दे दी। इस फैसले से राज्य के करीब 56 लाख किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

मानसून से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। हालांकि, विधान परिषद चुनावों के चलते आचार संहिता लागू होने के कारण फिलहाल इसकी घोषणा की संभावना नहीं है। कृषि ऋण माफी 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा नीत महायुति गठबंधन के प्रमुख वादों में से एक थी। मंत्रिमंडल ने कृषि ऋण चुकाने वाले किसानों को 50 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन देने का भी निर्णय लिया है।

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 26.08.2025 को अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, लोनी के प्रकाशित विज्ञापन की ई–निविदा सूचना में भूलवश पत्रांक संख्या का प्रकाशन होना रह गया था। कृपया सुधारकर पत्रांक संख्या 7714 पढ़ा जाए।

**विज्ञापन व्यवस्थापक**

रक्षा मंत्रालय
**रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)**
**भर्ती एवं मूल्यांकन केन्द्र (आरएसी)**

**विज्ञापन सं. 157** **अंतिम तिथिः 26 जून 2026 (1600 बजे)**

राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्म-निर्भरता के अनुसरण में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) राष्ट्र की रक्षा हेतु आवश्यक विभिन्न प्रणालियों, उप-प्रणालियों, उपकरणों एवं उत्पादों के वैज्ञानिक अनुसंधान, अभिकल्पन, विकास, परीक्षण एवं मूल्यांकन संबंधी कार्यक्रमों का निर्माण एवं कार्यान्वयन करता है। डीआरडीओ रक्षा अनुसंधान एवं विकास सेवा (डीआरडीएस) के रूप में ज्ञात ग्रुप 'ए' तकनीकी सेवा में उच्च योग्यताधारी एवं दक्ष वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की नियुक्ति करता है।

कॅरियर प्रगति-डीआरडीओ अपनी लचीली पदोन्नति योजना (एफसीएस) के अन्तर्गत कॅरियर उन्नति के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जिसके अन्तर्गत उच्चतर पदों पर पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से पृथक रखा गया है। योग्य एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थी लचीली पदोन्नति योजना (एफसीएस) के अन्तर्गत समय-समय पर आयोजित योग्यता-आधारित मूल्यांकन के माध्यम से संगठनात्मक पदानुक्रम में उच्च स्तरों तक पदोन्नत हो सकते हैं।

भर्ती एवं मूल्यांकन केन्द्र द्वारा आरएसी वेबसाइट (http://rac.gov.in) के माध्यम से रक्षा अनुसंधान एवं विकास सेवा (डीआरडीएस) संवर्ग तथा डीआरडीएस संवर्ग में समाहित अन्य पदों पर नियमित आधार पर पार्श्व भर्ती योजना (लैटरल रिक्रूटमेंट स्कीम) के अन्तर्गत वैज्ञानिक ई, वैज्ञानिक डी, तथा वैज्ञानिक सी के निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन भर्ती आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| पद | रिक्तियों की संख्या | अपेक्षित न्यूनतम अनुभव (वर्ष) | वेतन ढांचा (सातवें सीपीसी के अनुसार) | अधिकतम आयु (अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक ई | 02 | 11 | मूल वेतनः रु.1,23,100/-, लेवल 13 | 45 वर्ष |
| वैज्ञानिक डी | 11 | 07 | मूल वेतनः रु.78,800/-, लेवल 12 | 45 वर्ष |
| वैज्ञानिक सी | 20 | 03 | मूल वेतनः रु. 67,700/-, लेवल 11 | 35 वर्ष |
| कुल | 33 | | | |

विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन पंजीकरण के लिए लिंक आरएसी वेबसाइट (http://rac.gov.in) पर दिनांक 06 जून 2026 से उपलब्ध रहेगा। विज्ञापन सं. 157 के अधीन ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि **26 जून 2026 (1600 बजे)** होगी।







विवरणार्थ, कृपया आरएसी वेबसाइट देखें अथवा संपर्क करें : 011-23889529 ई-मेलः lateral1.recruitment@gov.in पर।

सीबीसी 10301/11/0028/2627

**कार्यालयः जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद**

पत्रांकः 51/जि.सू.अधि./विज्ञापन/2024-25 दिनांकः 02.06.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | एक अज्ञात बालिका (काल्पनिक नाम सोनिया) उम्र लगभग 12 माह वर्तमान आयु 1.5 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना जी०आर०पी० गाजियाबाद क्षेत्र में रेलवे स्टेशन गाजियाबाद में दिनांक 21.10.2025 को लावारिश अवस्था में पायी गयी। |  |
| 2. | एक अज्ञात बालक (काल्पनिक नाम रूंदाश) उम्र लगभग 07 दिन वर्तमान आयु 09 माह जिसका रंग गोरा, जो थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 13.08.2025 को लावारिश अवस्था में पाया गया। |  |
| 3. | एक अज्ञात बालक (काल्पनिक नाम मनन) उम्र लगभग 02 वर्ष वर्तमान आयु 2.5 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना लोनी गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 02.10.2025 को लावारिश अवस्था में पाया गया। |  |
| 4. | एक अज्ञात मंदबुद्धि बालिका नाम रविना उम्र लगभग 08 से 09 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना इन्द्रापुरम गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 09.02.2026 को लावारिश अवस्था में पायी गयी। |  |
| 5. | एक बालक जिसका नाम वंश उम्र लगभग 09 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना पी०आर०पी० गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 16.07.2025 को लावारिश अवस्था में पाया गया। |  |
| 6. | एक बालक जिसका नाम आदित्य उम्र लगभग 07 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना कोतवाली गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 12.10.2025 को लावारिश अवस्था में पाया गया। |  |
| 7. | एक अज्ञात बालक (काल्पनिक नाम कृष्णा) उम्र लगभग 10 माह जिसका रंग सांवला, जो थाना अंकुर विहार गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 16.01.2026 को लावारिश अवस्था में पाया गया। |  |
| 8. | एक अज्ञात मूकबधिर बालिका (काल्पनिक नाम रागिनी) उम्र लगभग 07 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना मुरादनगर गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 27.03.2026 को लावारिश अवस्था में पायी गयी। |  |
| 9. | एक बालिका जिसका नाम रेशमा उम्र लगभग 03.5 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना कौशाम्बी गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 16.01.2024 को सड़क दुर्घटना में अपने भाई की मृत्यु उपरान्त लावारिश अवस्था में पायी गयी। |  |
| 10. | एक अज्ञात मंदबुद्धि बालिका (काल्पनिक नाम अल्का) उम्र लगभग 08 वर्ष जिसका रंग सांवला, जो थाना टीला मोड़ गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 03.12.2025 को लावारिश अवस्था में पायी गयी। |  |
| 11. | एक अज्ञात बालक (काल्पनिक नाम विनायक) उम्र लगभग 1.5 वर्ष वर्तमान आयु लगभग 03 वर्ष, जिसका रंग सांवला, जो थाना विजयनगर गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 08.11.2024 को लावारिश अवस्था में पाया गया। |  |
| 12. | एक बालक जिसका नाम विकास उम्र लगभग 08 वर्ष, जिसका रंग सांवला, जो थाना टीला मोड़ गाजियाबाद क्षेत्र में दिनांक 07.10.2025 को लावारिश अवस्था में अपने पिता की मृत्यु के उपरान्त पाया गया। |  |

उक्त बालकों के माता-पिता अथवा परिजन होने के प्रमाण सहित दावा विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 02 वर्ष तक के बालकों के लिए 60 दिन एवं 02 वर्ष से अधिक आयु के बालकों के लिए 120 दिन के अन्दर बाल कल्याण समिति, गाजियाबाद कमरा नं० 323 जनपद गाजियाबाद के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्राविधानुसार बालकों को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतंत्र घोषित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी और इसके बाद इस सम्बंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1. जे०पी० भद्रदास (अध्यक्ष), मो० नं०- 9871771991
बाल कल्याण समिति गाजियाबाद।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी**
**गाजियाबाद**

# हताश होते ट्रंप

लेबनान पर इजरायली हमलों के कारण ईरान द्वारा शांति-वार्ता रोके जाने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का खफा होना स्वाभाविक है। एक अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ने दावा किया है कि ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कड़ी फटकार लगाई है। वेबसाइट की मानें, तो ट्रंप ने नेतन्याहू को यह तक कह डाला कि 'अगर मैं न होता, तो आप जेल में होते। मैं आपकी जान बचा रहा हूं। आपकी हरकतों के कारण हर कोई आपसे और इजरायल से नफरत करने लगा है।' इस दावे की सत्यता को परखे बिना कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के मिजाज और ईरान की जंग में उनके पास बचे विकल्पों को देखते हुए यह अतिरंजित खबर नहीं लगती। यह तथ्य है कि संघर्ष-विराम बढ़ाने का एकतरफा एलान वाशिंगटन ने किया है। यह भी सच है कि तमाम अमेरिकी सर्वेक्षण ईरान युद्ध के बाद देश में ट्रंप की लोकप्रियता में रिकॉर्ड गिरावट दिखा रहे हैं, जबकि कुछ ही महीनों में वहां मध्यावधि चुनाव होने हैं। उधर होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति के बाधित होने से पश्चिम एशिया में मित्र देश ट्रंप प्रशासन से नाखुश हैं। कई रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रंप की नीतियों का विरोध किया है। ऐसे में, लेबनान में नेतन्याहू की कार्रवाइयां उनकी मुसीबत बढ़ाती जा रही हैं।

हालांकि, इस युद्ध में एक महाज सूचनाओं का भी है। अमेरिका और ईरान, दोनों तरफ से ऐसी बातें उछाली जा रही हैं, जिससे दूसरे खेमे का सिराजा बिखरता दिखाई पड़े। अभी चंद रोज पहले ईरानी मीडिया के सूत्रों के हवाले से एक खबर ने विश्व मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी थी कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर्प्स (आईआरजीसी) के कट्टरपंथी खेमे की बढ़ती दखलंदाजी से नाराज सदर पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और कट्टरपंथी फौजी खेमे ने सत्ता हथिया ली है। कुछ घंटों में ही ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय से इसका खंडन भी आ गया। यह बात इसलिए विश्व मीडिया को विश्वसनीय लगी, क्योंकि इस वक्त ईरान के अंदरूनी सियासी हालात साफ नहीं हैं और कई बार तेहरान के बयान और आईआरजीसी की कार्रवाई में तालमेल का अभाव साफ दिखा। अमेरिका-ईरान शांति-वार्ता की एक मुश्किल वहां किसी फैसले को सर्वमान्य बनाना भी है। इस सूरते-हाल का स्वाभाविक ही नेतन्याहू पूरा-पूरा लाभ उठाना चाहते हैं, इसीलिए वह ईरान समर्थित हिज्बुल्ला के ठिकानों को लगातार निशाना बना रहे हैं।

**राष्ट्रपति ट्रंप वैसे भी अपने बड़बोलेपन से सुर्खियां बटोरते रहे हैं, लेकिन नेतन्याहू पर उनके कथित नाराजगी भरे बोल से उनकी हताशा ही झलकती है।**

अमेरिकी राष्ट्रपति वैसे भी अपने बड़बोलेपन से रोज-रोज सुर्खियां बटोरते रहे हैं, लेकिन ईरान युद्ध ने उन्हें गहरे एहसास कराया है कि जंग जुबान से नहीं जीती जा सकती और अब हताशा के उद्‌गार सामने आने लगे हैं। निस्संदेह, इस जंग ने ईरान का बहुत आर्थिक नुकसान किया है, मगर अमेरिका ने कुछ कम क्षति नहीं उठाई है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण वह सामरिक-आर्थिक नुकसान को फिर भी झेल लेगा, मगर अवधारणाओं की जंग में वह फिलहाल शिकस्त खाता हुआ दिख रहा है। दुनिया में सर्वशक्तिमान होने की उसकी छवि को इस युद्ध ने ऐसे गहरे जख्म दिए हैं, जिनका भरना आसान नहीं होगा। ट्रंप प्रशासन अगर वाकई चाहता है कि पश्चिम एशिया में स्थायी शांति हो, तो उसे नेतन्याहू की महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगानी ही पड़ेगी, वरना हर बीतते दिन के साथ राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया में कमजोर पड़ते जाएंगे। यूरोप के साथी देश पहले ही उनसे दूर जा रहे हैं, पश्चिम एशिया में भी अमेरिकी कूटनीति को गंभीर क्षति पहुंच सकती है।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 03 जून, 1951

### राहत की सांस

यद्यपि सुदूरपूर्व से शान्ति व सुस्थिरता के समज्ज्वल प्रकाश की हम बहुत दिनों तक आशा नहीं कर सकते, क्योंकि जिस विनाशकारी अंधड़ तथा भयंकर घटाटोप ने गत वर्ष 25 जून को कोरिया में अपने मनहूस पांव रखे थे, उसके मिटने का अभी कोई लक्षण ही दृष्टिगोचर नहीं होता, किन्तु पेकिंग रेडियो की इस घोषणा से अवश्य ही बहुतों ने राहत की सांस ली होगी कि तिब्बत तथा चीन के बीच समझौता हो गया।

समझौते की 17 शर्तों का मनन करने के बाद इस धारणा का उत्पन्न होना स्वाभाविक है कि जहां पेकिंग सरकार ने तिब्बत को उसके स्वशासन की अखंडता का आश्वासन दिया है वहीं ऐसी शर्तें भी रखी हैं, जो कि तिब्बती जनता के स्वतंत्र जीवन के लिए कुछ बोझिल हो सकती हैं। तिब्बत पहले की भांति भविष्य में भी खुदमुख्तार रह सकता है, बशर्ते चीन केवल इस बात पर दृष्टि रखे कि तिब्बत में चीन-विरोधी कोई हलचलें नहीं होतीं। इसमें सन्देह नहीं कि जमाने के साथ तिब्बत को भी आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए तिब्बती जनता में शिक्षा का प्रचार आवश्यक है और उसे एक नवीन प्रेरणा मिलनी चाहिए।

दुर्गम पर्वतमालाओं से आवेष्टित इस 'दुर्ग' में आधुनिक सभ्यता एक दिन प्रवेश अवश्य करेगी। 'आन्तरिक स्वतंत्रता' की रक्षा के नाम पर यथास्थिति का समर्थन नहीं किया जा सकता, लेकिन यह भी स्मरण रहे कि तिब्बती जनता की स्वाभाविक शान्ति-प्रियता, उसकी अपनी परम्पराओं तथा धार्मिक विश्वासों पर आघात नहीं होना चाहिए। वर्तमान समझौते की सफलता की कसौटी यही है कि चीन तिब्बत के आन्तरिक मामलों में न्यूनतम हस्तक्षेप कर उसकी प्रगति में अधिकतम सहयोग देता है या नहीं। साथ ही यह भी देखना है कि दलाई लामा और पंचन लामा के संबंध कैसे रहते हैं और 'मुक्ति सेना' की गतिविधि कैसी चलती है। भारत सरकार सम्भवतः यह देख रही है कि तिब्बत के साथ भारत के व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों पर समझौते का क्या प्रभाव पड़ता है। संधि के अनुसार, चीन की साम्यवादी सरकार तिब्बत में जो प्रशासक और सैनिक समितियां स्थापित करेगी उनके कार्यों से भारत, चीन तथा तिब्बत के भावी संबंधों की स्थिति का पता चल जायेगा।

# बदलाव और बदला से गुजरता बंगाल



यहां स्कैन करें

प्रभाकर मणि तिवारी | वरिष्ठ पत्रकार

**इतिहास यही बताता है कि बंगाल में सरकार जल्दी नहीं बदलती, लेकिन जो भी पार्टी सत्ता में आती है, वह सबसे पहले विपक्ष की जड़ें साफ करने में जुट जाती है।**

पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 'बदला नहीं बदलाव' का नारा दिया था, लेकिन शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली उसकी सरकार के शुरुआती 25 दिनों के कार्यकाल के दौरान 'बदला' भी नजर आ रहा है और 'बदलाव' भी। भ्रष्टाचार के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के दर्जनों नेताओं की गिरफ्तारी और कई नेताओं के साथ विभिन्न हिस्सों में हुई मारपीट को 'बदले' के तौर पर देखा जा रहा है, तो असंतोष और बगावत से जूझ रही तृणमूल कांग्रेस की परिस्थिति को बदलाव के तौर पर।

बदलाव की यह झलक शुभेंदु मंत्रिमंडल के विस्तार में भी नजर आती है। सोमवार को भाजपा के जिन 35 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली, उनमें पूर्व पत्रकार, पूर्व क्रिकेटर से लेकर घरेलू सहायिका तक शामिल हैं। पार्टी ने इस विस्तार में राज्य के तमाम इलाकों और समाज के तमाम वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है। इसके अलावा, चुनावी संकल्प-पत्र के वायदों के मुताबिक, महिलाओं को तीन हजार मासिक देने वाली अन्नपूर्णा योजना और सरकारी बसों में उनकी मुफ्त यात्रा के फैसले पहली जून से ही लागू कर दिए गए हैं। सरकार ने साल 2024 में सुर्खियां बटोरने वाले कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल कांड की नए सिरे से जांच कराने का भी फैसला किया है। भाजपा ने आरजी कर पीड़िता की मां को अपना उम्मीदवार बनाया था, जो चुनाव तो जीत गई हैं, लेकिन उनको फिलहाल मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

हालांकि, चुनाव नतीजों के बाद राज्य भर में जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के दफ्तरों में तोड़-फोड़ व आगजनी हुई और पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर हमले हुए, उससे कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हिंसा के लिए सीधे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। राजनीतिक हलकों में भी सवाल उठ रहा है कि आखिर तृणमूल कांग्रेस पर हिंसा के आरोप लगाने वाली पार्टी सत्ता में आने के बाद खुद उसी राह पर क्यों चल पड़ी है?



वैसे, यह हिंसा अभी तृणमूल की चिंता का विषय नहीं है। यहां चुनावी हिंसा का दशकों पुराना इतिहास रहा है। दिक्कत यह है कि लगातार पंद्रह साल तक राज करने वाली यह पार्टी सत्ता हाथ से निकलते ही बिखरती हुई नजर आ रही है। चुनावी नतीजों के बाद से ही पार्टी के नेताओं में इस्तीफे देने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह थमता हुआ नहीं नजर आ रहा। ऐसे नेताओं में नगरपालिका और पंचायत स्तर के नेताओं के साथ ही शांतनु सेन जैसे पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी शामिल हैं। इसके साथ ही बागी नेताओं की सूची भी लगातार लंबी होती जा रही है।

यही नहीं, ममता बनर्जी ने पार्टी की भावी रणनीति व आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए अपने आवास पर पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई थी, लेकिन 80 में महज 19 विधायक ही वहां पहुंचे। नतीजतन बैठक रद्द करनी पड़ी। ममता ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए धरने का अपना पारंपरिक हथियार भी अपनाया है। पार्टी को एकजुट रखने की कवायद के तहत उन्होंने सोशल मीडिया पर भी लंबे बयान दिए हैं।

इस बीच, पार्टी फर्जी हस्ताक्षर घोटाले में भी फंस गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में शोभनदेव चट्टोपाध्याय के चयन के समर्थन वाले तृणमूल विधायकों के पत्र में कथित तौर पर कुछ विधायकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का आरोप है। कई विधायकों के हस्ताक्षर संदिग्ध होने और उपस्थित न होने के बावजूद पत्र में उनके नाम होने के कारण विधानसभा सचिवालय ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच अब सीआईडी कर रही है।

जाहिर है, फिलहाल ममता अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती से जूझ रही हैं। किसी दौर में उन्होंने अकेले अपने बूते कांग्रेस से नाता तोड़कर नई पार्टी बनाई थी और सिंगूर व नंदीग्राम जैसे आंदोलनों की लहर पर सवार होकर महज तेरह साल के भीतर ही वाम मोर्चा का 34 साल से जमा-जमाया राज छीन लिया था, किंतु अब सत्ता हाथ से निकलते ही उनके सामने पार्टी को एकजुट रखने की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की दलील है कि तृणमूल कांग्रेस ने सरकार में रहते जो कुछ बोया था, उसकी ही फसल काट रही है। अब उसकी हिंसा व भ्रष्टाचार से त्रस्त आम लोग उसके नेताओं को निशाना बना रहे हैं।

भाजपा सरकार के सत्ता संभालने के बाद उसके पहले पच्चीस दिनों के दौरान बंगाल की जमीनी परिस्थिति में कितना बदलाव आया है? राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पार्टी ने अपने कुछ चुनावी वायदों को लागू किया है और कुछ को लागू करने की दिशा में पहल की है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ उसका अभियान भी जारी है। तृणमूल कांग्रेस के दर्जनों नेताओं की गिरफ्तारी हुई है और उनसे करोड़ों की रकम बरामद की गई है। फिलहाल, सरकार अपने वायदों को लागू करने की कोशिश करती नजर आ रही है, लेकिन विपक्ष के सांसदों से मारपीट जैसी घटनाएं उसे कठघरे में खड़ा कर रही हैं, इसलिए हिंसा रोकना उसकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

भाजपा के कुछ नेताओं का दावा है कि तृणमूल कांग्रेस के एक-तिहाई से भी ज्यादा विधायक पाला बदलकर भाजपा में शामिल होने को तैयार बैठे हैं, पर अभी पार्टी ने उनके लिए दरवाजे बंद कर रखे हैं। इसकी वजह यह है कि ऐसा करने पर आम लोगों में गलत संदेश जा सकता है। पहले दागी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उसके बाद शीर्ष नेतृत्व की सलाह पर आगे कोई फैसला किया जाएगा।

बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें, तो यहां सरकारें बहुत जल्दी नहीं बदलतीं। इतना ही नहीं, इतिहास यह भी कहता है कि कोई पार्टी सत्ता में आने के बाद सबसे पहले विपक्ष की जड़ें साफ करने में जुट जाती है। पहले वाम मोर्चा ने कांग्रेस के साथ ऐसा किया था। उसके बाद तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद सीपीएम व कांग्रेस राजनीतिक हाशिये पर पहुंच गईं। लिहाजा, अब सवाल यही पूछा जा रहा है कि क्या इतिहास एक बार फिर खुद को दोहराएगा या जूझारू राजनेता रहीं ममता बनर्जी अपनी पार्टी को एकजुट रखने में कामयाब रहेंगी? फिलहाल कोई इसका स्पष्ट जवाब नहीं दे सकता।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# अपनी बोली-बानी की ओर लौटने की जरूरत



यहां स्कैन करें

धनंजय चोपड़ा | मीडिया विशेषज्ञ

पिछले दिनों एक युवा कार्यक्रम के दौरान 'स्टोरीटेलिंग सत्र' में मैं कहानियां सुना रहा था। कहानी के बीच में मैंने जैसे ही अपने शहर की बोली में एक मुहावरेदार डायलॉग बोला, पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा, मानो सभागार में बैठा हर युवा अपनी बोली-बानी में कुछ सुनने का इंतजार कर रहा हो। फिर मैंने आगे की पूरी कहानी स्थानीय बोली में ही सुनाई, जो खूब पसंद की गई। एक-दो दिन में उस कहानी की अनगिनत रील बन गईं और वे सोशल मीडिया में छा गईं।

अपनी बोली-बानी की ओर लौटने का इससे बेहतर समय फिर नहीं आएगा, क्योंकि पहले नई शिक्षा नीति अपनी मातृभाषा में पढ़ाई और अब सीबीएसई त्रिभाषा फॉर्मूले की बात कह रहा है। ऐसे में, उम्मीद बंधती है कि अपनी बोली-बानी बचाने का काम पीछे आ रही पीढ़ियों के संग-साथ किया जा सकेगा। यूनेस्को दो बरस पहले से ही कह रहा है कि पिछले छह दशकों में भारत की 250 से अधिक भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं और 197 भाषाएं व बोलियां लुप्त होने के कगार पर हैं। तकनीक के भरोसे आगे बढ़ने के समय में पूरी दुनिया में भाषाओं-बोलियों का यही हाल है। भाषाओं पर काम करने वाले 'एथनोलॉग' के ताजा आंकड़े बताते हैं कि दुनिया की सात हजार में से 44 प्रतिशत भाषाएं और बोलियां अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही हैं।

**कनाडा में विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने पाया है कि जिनके पास अपनी बोली-बानी होती है, वे अधिक विश्वास से जीवन बिताते हैं।**

बोली-बानी को संभाले रहने में भारत का अब तक का रिकॉर्ड दुनिया के अन्य देशों से कहीं बेहतर रहा है, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की धमक के बाद मामला कुछ-कुछ बिगड़ता जा रहा है। बड़ी वजह है कि स्थानीय स्तर पर हमने अपनी बोली-बानी में किस्सागोई की परंपरा को नजरअंदाज किया है। एक समय था, जब किस्सागोई घर-घर का हिस्सा हुआ करती थी। घरों, परिवारों और मोहल्लों में बड़े-बूढ़ों की कहानियां-किस्से अपनी बोली-बानी में हुआ करती थीं। उनके स्थानीय शब्दों, मुहावरों और लोकोक्तियों की मजबूत थाती को सोशल मीडिया के प्रसार ने कमजोर कर दिया।

शोध बताते हैं कि अपनी बोली-बानी में किस्सागोई मानसिक सेहत को गहराई से प्रभावित करती है। वास्तव में, जिन बुजुर्गों को अकेलेपन का शिकार होने से हम रोक नहीं पा रहे हैं, उन्हें किस्सों के साथ लाने पर उनका आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और सफल जीवन जीने के फलसफों की थाती को लगातार नया कर सकते हैं।

पिछले दिनों कनाडा के एक विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने पाया कि जिन युवाओं के पास अपनी बोली-बानी की ताकत थी, वे आत्मविश्वास से जीवन बिता रहे थे और उनमें आत्महत्या की दर भी लगभग शून्य थी। इसी तरह का अध्ययन स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया में भी हुआ, जहां लोगों ने अपनी भाषा में किस्सागोई को अपनाकर युवाओं में जीवन को बेहतर ढंग से जीने और कुछ नया करने के प्रति ललक बढ़ा दी।

भारतीय ज्ञान परंपरा में किस्सागोई या दास्तानगोई को बेहतरीन स्थान मिलता रहा है, लेकिन हमने टेक्नोलॉजी के साथ होड़ में अपनी इस विधा को कुछ मंचों तक सीमित कर दिया और वह भी कुछ लोगों तक। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि स्कूल-कॉलेजों में अपने इलाके की बोली-बानी में किस्सों को कहने वाले बुजुर्गों को आमंत्रित किया जाए और उनकी किस्सागोई से विद्यार्थियों को जोड़ा जाए? विद्यार्थियों को अपने गांव-परिवार-इलाके की संस्कृति से जुड़ी जानकारियों को अपनी स्थानीय बोली में किस्सों के रूप में सुनाने को प्रेरित किया जाए। इसमें ध्यान रखना होगा कि शब्दों और उनसे जुड़ी ध्वनियों तथा सांस्कृतिक आभाओं से विद्यार्थियों को कुछ इस तरह परिचित कराया जाए कि वे रोजमर्रा की बातचीत में उनके प्रयोग से हिचकिचाएं नहीं, बल्कि सामने वाले तक उसे संप्रेषित करें।

गौर कीजिए, जिन जगहों की अपनी बोली-बानी लुप्त हो गई, वहां का पारंपरिक ज्ञान प्रसार भी कमजोर हुआ है। इसलिए, समय आ गया है कि हम टेक्नोलॉजी का सही ढंग से प्रयोग करते हुए अपनी बोली-बानी को बचाने का प्रयास करें, साथ ही अपने बुजुर्गों की किस्सागोई को वापस पटरी पर लाने का काम करें, ताकि यह परंपरा निरंतरता पाने में पीछे न रहे और नए-नए किस्सागो तैयार होने से शब्दों की दुनिया बची रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# ब्रह्म परम औषधि

मनुष्य स्वभाव से जिज्ञासु प्राणी है। वह हरेक वस्तु, घटना और परिस्थिति के पीछे छिपे कारण को जानना चाहता है। यही जिज्ञासा विज्ञान, दर्शन और अध्यात्म की जन्मदात्री रही है। यदि हम संसार की किसी भी वस्तु का विश्लेषण करना प्रारंभ करें, तो पाएंगे कि प्रत्येक वस्तु किसी न किसी कारण का परिणाम है। उदाहरण के लिए, रसगुल्ले का कारण दूध है और दूध का कारण गाय। गाय स्वयं किसी पूर्व कारण का परिणाम है। इस प्रकार कारण और परिणाम की यह शृंखला अनंत प्रतीत होती है।

यदि मनुष्य इस शृंखला का धैर्यपूर्वक अनुसरण करता जाए, तो अंततः वह उस बिंदु तक पहुंचता है, जहां बुद्धि आगे बढ़ने में असमर्थ हो जाती है। वहां एक ऐसा परम कारण विद्यमान है, जो स्वयं किसी अन्य कारण का परिणाम नहीं है। भारतीय दर्शन उसे ब्रह्म कहता है- सभी कारणों का कारण, समस्त सृष्टि का मूल आधार। वह स्वयंभू है। उसका कोई पूर्व कारण नहीं है। इसलिए उसे किसी विशेष रूप, आकार या सीमा में बांधना संभव नहीं।

यहीं से आध्यात्मिक साधना का वास्तविक आरंभ होता है। जब मनुष्य इस सत्य को समझ लेता है कि परमसत्ता किसी सीमित रूप में कैद नहीं की जा सकती, तब उसकी दृष्टि व्यापक होने लगती है। इसके विपरीत, यदि कोई व्यक्ति ईश्वर को किसी विशेष रूप, समुदाय या सीमित कल्पना तक बांध देता है, तो वह सत्य की व्यापकता से दूर रह जाता है। ऐसी साधना अंततः निराशा और भ्रम का कारण बन सकती है। आध्यात्मिक परंपराएं कहती हैं कि अमरत्व का मार्ग श्रद्धा, एकाग्रता और निष्कपट समर्पण से होकर गुजरता है। जब साधक पूरे मन से परम चेतना को अपनाता है, तब उसके जीवन में गहरा परिवर्तन आता है। यह अमरत्व केवल शरीर की अमरता नहीं, बल्कि दुखों और बंधनों से मुक्ति की अवस्था है।

मानव जीवन में दुखों की समस्या सदैव रही है। भूख लगती है, तो भोजन चाहिए; रोग होता है, तो औषधि चाहिए। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के साधनों को भारतीय दर्शन में 'अर्थ' कहा गया है। भोजन भूख मिटाता है, दवा रोग कम करती है, धन जीवन की अनेक कठिनाइयों को सरल बनाता है। इन सबकी भी एक सीमा है। आज मिटी हुई भूख कल फिर लौट आती है। आज ठीक हुआ रोग भविष्य में पुनः उत्पन्न हो सकता है। धन और संसाधन भी स्थायी सुरक्षा या चिरस्थायी सुख की गारंटी नहीं दे सकते। यही कारण है कि भारतीय मनीषियों ने अर्थ को आवश्यक तो माना, किंतु अंतिम लक्ष्य नहीं। जीवन की मूल समस्या अस्थायी कष्टों का समाधान नहीं, बल्कि दुखों के मूल कारण से मुक्ति है और यह मुक्ति बाहरी वस्तु में नहीं, बल्कि उस परम चेतना की अनुभूति में निहित है, जो सभी सीमाओं से परे है।

**जीवन की मूल समस्या अस्थायी कष्टों का समाधान नहीं, बल्कि दुखों के मूल कारण से मुक्ति है और यह बाहरी वस्तु में नहीं, उस परम चेतना की अनुभूति में निहित है, जो सीमाओं से परे है।**

श्री श्री आनंदमूर्ति

**द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत**



**छात्रवृत्ति योजनाएं केवल आर्थिक सहायता नहीं हैं, ये युवाओं के सपनों को पंख देने का माध्यम हैं। यह उन युवाओं के जीवन में नई संभावनाओं का द्वार खोलती हैं, जिनमें प्रतिभा तो होती है, परंतु संसाधनों का अभाव उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है।**

## अनुलोम-विलोम
### विश्व साइकिल दिवस



# साइकिल का समय कभी गया ही नहीं

विश्व साइकिल दिवस (3 जून) के अवसर पर साइकिल भी मन ही मन मुस्करा रही होगी कि देखो, आखिर मेरे भी अच्छे दिन आ ही गए! जो कभी आंगन के कोने में धूल फांकती थी, वह आज पेट्रोल-डीजल के महंगाई-पुराण में मुख्य नायिका बन बैठी है। बिना पेट्रोल, डीजल, बिजली और बैटरी के सिर्फ 'हवा' पर चलने वाला यह वाहन सच में आत्मनिर्भर भारत का सबसे पुराना ब्रांड अंबेसडर है। मैकमिलन का यह मितव्ययी आविष्कार कभी घर-घर की शान हुआ करता था। पैडल मारते-मारते न सिर्फ मंजिल मिला करती थी, बल्कि पैरों का व्यायाम भी हो जाता था। मगर आज हालत यह है कि बाइक से जिम जाने वाले महानुभाव वहीं खड़ी साइकिल पर पसीना बहाते हैं।

साइकिल की सबसे बड़ी खूबी है, इसका संयमित चरित्र। इसमें गति और ब्रेक का ऐसा संतुलन है कि दुर्घटना भी सोच-समझकर ही होती है। न हेलमेट का झंझट, न चालान का डर। साइकिल से गिरकर चोट लग जाए, तो समाज कहता है- चलो, सीख रहे हो! और अगर बाइक से गिरो, तो वही समाज कहता है- अरे, संभलकर, ज्यादा हुड़हुड़ाओ मत! रही बात सवारी क्षमता की, तो तकनीकी रूप से यह एक व्यक्ति के लिए बनी है, लेकिन भारतीय जुगाड़ विज्ञान ने इसे पारिवारिक वाहन बना दिया है। आगे डंडे पर एक, पीछे कैरियर पर एक और बीच में खुद चालक- तीन सवारी की न्यूनतम व्यवस्था। कभी-कभी तो एक हाथ से हैंडल, दूसरे से सामान पकड़े हुए, और मुंह से पड़ोसी को 'राम-राम' करते हुए संतुलन बनाए रखना- यह कला सिर्फ भारतीय साइकिल चालक ही जानता है। इसे सीखने की प्रक्रिया भी किसी आध्यात्मिक साधना से कम नहीं। पहले हाफ पैडल, फिर फुल पैडल, और अंत में बिना हाथ चलाने का मोक्ष। उस समय गिरना भी उपलब्धि का हिस्सा माना जाता था- घुटनों एवं कोहनी के छिले निशान आज भी बचपन के 'सर्टिफिकेट' की तरह 'पहचान के निशान' हैं।

समय बदला, बाइक आई, फिर कार आई और साइकिल को कोने में धकेल दिया गया, लेकिन जैसे ही पेट्रोल-डीजल के दामों ने जनता की कमर तोड़ी, साइकिल ने फिर से एंट्री मारी, वह भी पूरे स्वाभिमान के साथ। बड़े-बड़े अधिकारी, नेता और सेलिब्रिटी साइकिल चलाते हुए फोटो खिंचवाने लगे हैं। जनता समझ गई कि मामला गंभीर है और अब साइकिल ही सहारा है। आज साइकिल पर्यावरण की रक्षक, स्वास्थ्य की संरक्षक और जेब की हितैषी बनकर सामने खड़ी है। न प्रदूषण, न खर्च, न ट्रैफिक का तनाव- बस पैडल मारिए और जिंदगी आगे बढ़ाइए।

विनोद कुमार, टिप्पणीकार

# भारतीय सड़कों पर इसे चलाने की चुनौती

'विश्व साइकिल दिवस' मनाने का मुख्य उद्देश्य साइकिल को एक सरल, सस्ता, विश्वसनीय, पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यवर्द्धक परिवहन साधन के रूप में बढ़ावा देना है। वास्तव में, यह दिवस लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने, धरती पर कार्बन उत्सर्जन कम करने और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही, यह दिवस सड़क सुरक्षा, सस्ती परिवहन व्यवस्था और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश भी देता है।

किंतु इसके उद्देश्य जितने सार्थक हैं, उन उद्देश्यों को अमल में लाना उतनी ही बड़ी चुनौती। भारत में तो साइकिल ट्रैक का घोर अभाव है। जहां हैं, वहां भी वह अतिक्रमण का शिकार है। इसी तरह, आधारभूत सुविधाओं का अभाव भी एक बड़ी चुनौती है। सड़कों पर मोटर-वाहनों की बढ़ती संख्या और तेज रफ्तार गाड़ियों से सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते खतरे ने भी साइकिल के प्रति हमारी सोच प्रभावित की है। भले ही बार-बार कहा जाता है कि साइकिल फायदेमंद है। यह न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य को, बल्कि हमारी आबोहवा की सेहत को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। किंतु असलियत यही है कि महानगरों में साइकिल के अनुकूल यातायात व्यवस्था की कमी है, जिससे लोगों का साइकिल के प्रति रुझान घटा है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए शहरों में समर्पित साइकिल लेन विकसित करना, सार्वजनिक साइकिल शेयरिंग योजनाओं का विस्तार करना, स्कूलों व कॉलेजों में साइकिल उपयोग को प्रोत्साहित करना, सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। वर्ष 2026 के लिए विश्व साइकिल दिवस की थीम 'एक हरित भविष्य के लिए साइकिल चलाना' निर्धारित की गई है। यह थीम पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा बचत तथा टिकाऊ शहरी विकास में साइकिल की भूमिका को रेखांकित करती है। जरूरत यही है कि साइकिल को सही मायने में स्वास्थ्य व परिवहन संरक्षण का प्रतीक बनाया जाए। यह ईंधन रहित साधन वायु प्रदूषण और कार्बन-उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर बढ़ते जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और ग्रीनहाउस गैसों की समस्या के बीच हमें प्रभावी और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को आगे बढ़ाना है, तो साइकिल के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हमारे नीति-नियंताओं को इसी पृष्ठभूमि में साइकिल को प्रोत्साहित करने की योजना बनानी चाहिए।

सुनील कुमार महला, टिप्पणीकार



1 जून 2026 को नई दिल्ली के आईटीओ में यमुना का जलस्तर गिरकर 268 फीट निम्नतम स्तर के करीब पहुंच गया। ● सोनू मेहता

# नदियों में घटता पानी

**भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत से ज्यादा आबादी रहती है, पर यहां 4 प्रतिशत जल ही उपयोग योग्य है। यहां नदियां जल का प्रमुख स्रोत हैं, लेकिन सदानीरा नदियां भी सिमटने लगी हैं। चढ़ती गर्मी में हम जल संकट से कैसे जूझ रहे हैं? यहां राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एक उदाहरण है। हर साल की तरह यमुना में पानी बहुत घट गया है, पानी कितना घटा है और कैसे जूझ रहा है राजधानी क्षेत्र? पेश है पारस सिंह की रिपोर्ट...**

यमुना में पानी तेजी से घट रहा है। गर्मियों में हर साल की तरह नदी का जलस्तर बीते सप्ताह ही वजीराबाद बैराज पर सामान्य स्तर 674.5 फीट से छह फीट नीचे गिरकर लगभग 668.5 फीट रह गया। जलाशय क्षेत्र में केवल 1-1.5 फीट पानी बचा है, जहां से वजीराबाद और चंद्रावल स्थित जल शोधन संयंत्र तक पानी की आपूर्ति की जाती है।

पिछले कुछ दिनों से जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है और यह 16 जुलाई, 2021 को दर्ज किए गए ऐतिहासिक निम्न स्तर 667 फीट के करीब पहुंच गया है। नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा आपूर्ति में लगभग 14-15 प्रतिशत की कटौती के कारण नई दिल्ली के इलाकों में भी पानी की कमी महसूस होने लगी। मिसाल के लिए, डीजेबी ने एक दिन 148 मिलियन लीटर प्रतिदिन की मांग के मुकाबले 125 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी की ही आपूर्ति की है।

यमुना के जलाशय में पानी का ऐतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर 667 फीट दर्ज किया गया था, लेकिन व्यावहारिक रूप से देखा जाए, तो जलाशय में पानी न के बराबर है। अब 268 फीट से नीचे नदी के तल में नहरें खोदकर गहरे क्षेत्रों से संयंत्र की ओर पानी लाना पड़ता है। यह पानी भी गाद मिश्रित है।

दिल्ली में जल की मांग को पूरा करने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। आमतौर पर डीजेबी नौ जल शोधन संयंत्रों के माध्यम से प्रतिदिन 10 करोड़ गैलन पानी की आपूर्ति करता है। एक अधिकारी के अनुसार, जल आपूर्ति में 14-15 प्रतिशत की और कटौती की गई है और निवासियों को सलाह दी जा रही है कि वे स्थिति बिगड़ने की आशंका में पर्याप्त पानी का भंडारण कर लें।

इस बीच, दिल्ली के लिए हरियाणा से अधिक पानी की खरीद के लिए बातचीत चल रही है और आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावना है। यहां यह ध्यान देने की बात है, दैनिक ग्रीष्मकालीन बुलेटिन जारी करने की प्रथा पिछले वर्ष बंद कर दी गई थी। नदी के तल में गहरे जलमार्ग खोदकर पानी निकालने की कवायद चल रही है। दिल्ली को किसी तरह से पानी देने के प्रयासों के बावजूद महानगर के उत्तर, उत्तर-पश्चिम और मध्य क्षेत्रों में पानी की भारी कमी देखी जा रही है। दूसरे शहरों के लिए भी यह एक बड़ा उदाहरण है कि नदी के किनारे बसा एक महानगर पानी के लिए कैसे जूझ रहा है?

पिछले सप्ताह हरियाणा ने मुनक नहर प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त 55 क्यूसेक पानी भेजा था। अधिकारियों के अनुसार, पानी की कमी लगभग 90-100 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने बताया है कि यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़े बिना स्थिति में सुधार होने की संभावना नहीं है।

आमतौर पर, दिल्ली को यमुना, गंगा और भूजल स्रोतों से 1,002 एमजीडी पानी मिलता है, जबकि मांग 1,250 एमजीडी की है। इस कमी को पूरा करने के लिए दिल्ली टैंकरों और कई ट्यूबवेलों का इस्तेमाल करती है। सामान्यतः यमुना से लगभग 210 क्यूसेक पानी मिलता है, जो पूरी तरह सूख चुकी है। बारिश का इंतजार शुरू हो गया है। बीते दिनों जो छुटपुट बारिश हुई है, उससे नदी जल पर कोई असर नहीं पड़ा है। पहले से ही जल संकट से जूझ रहे इस महानगर में मई के अंत और जून के पहले पखवाड़े की भीषण गर्मी के दौरान यह कमी और भी बढ़ जाती है।

## गंगा से यमुना में जल लाने की योजना

पिछले साल केंद्र सरकार की निगरानी में यमुना के पुनरुद्धार के लिए चलाई जा रही परियोजना के तहत गंगा से यमुना में 500 क्यूसेक पानी मोड़ने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव को व्यावहारिकता संबंधी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और संभवतः यह योजना ठंडे बस्ते में ही पड़ी रहेगी। बताया जाता है कि पूर्वी यमुना नहर और दिल्ली के बीच के कई इलाके बेहद खराब हालत में हैं और पानी को ले जाने में सक्षम नहीं होंगे। साथ ही ग्रीष्म ऋतु में गंगा जल प्रणाली में भी पानी की कमी रहती है, इसलिए वर्तमान में यह योजना व्यावहारिक नहीं पाई गई है। मूल सवाल यही है कि गर्मियों के दिनों में जब गंगा नदी में ही पानी कम होने लगा है, तब वह यमुना को कैसे पानी दे सकती है?

विशेषज्ञ बताते हैं कि गंगा प्रणाली में किसी और नदी के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। नहर प्रणाली कई जगहों पर क्षतिग्रस्त है और निकट भविष्य में इस पानी को दिल्ली तक नहीं ले जा पाएगी। एक अधिकारी बताते हैं कि हम इसे अल्पकालिक आधार पर पर्यावरणीय प्रवाह में सुधार के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं के हिस्से के रूप में नहीं देख रहे हैं। परियोजना को भविष्य में पुनर्जीवित किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान में यह ठंडे बस्ते में ही पड़ी है। इसकी पुष्टि एक अन्य सरकारी अधिकारी भी करते हैं। अब ध्यान राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं पर केंद्रित रहेगा, जिनके तहत कोरोनेशन पिलर और यमुना विहार से वजीराबाद तक उच्च गुणवत्ता वाले उपचारित अपशिष्ट जल को ले जाने के लिए एक समर्पित जल परिवहन प्रणाली बनाई जाएगी।

बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश अतिरिक्त जल उपलब्ध कराने को तैयार नहीं है। अब दिल्ली के प्रयास ओखला, कोरोनेशन पिलर और यमुना विहार जैसी आंतरिक परियोजनाओं पर केंद्रित होंगे। दिल्ली उपचारित अपशिष्ट जल के बदले उत्तर प्रदेश से अतिरिक्त सामान्य जल प्राप्त करने के प्रयास जारी रखेगी। यह सही है कि दिल्ली में जल की मांग आबादी के साथ बढ़ती चली जा रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए खास प्रयासों का अभाव रहा है।

## दिल्ली, नोएडा में अभी गंगा जल

यमुना में इतना पानी नहीं है कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्यास बुझा सके। फिलहाल, यमुना को गंगा से सीधे पानी नहीं मिल रहा है, लेकिन दिल्लीवाले गंगा जल पी रहे हैं। दिल्ली मुख्य रूप से अपने पड़ोसी राज्यों पर जल के लिए निर्भर है। दिल्ली को लगभग 61.1 प्रतिशत सामान्य जल हरियाणा से, 25.25 प्रतिशत उत्तर प्रदेश से गंगा के माध्यम से और शेष भूमिगत जल स्रोतों से प्राप्त होता है।

उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद को भी गंगा जल की आपूर्ति होती है। हरिद्वार में ऊपरी गंगा नहर से कच्चा जल निकाला जाता है और गाजियाबाद के डासना तक प्रवाहित होता है। डासना से पानी पाइप के माध्यम से गाजियाबाद स्थित प्रताप विहार जल शोधन संयंत्र तक पहुंचाया जाता है। यहां जल का पूर्ण शुद्धिकरण किया जाता है। उपचारित जल को पाइपलाइन के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से नोएडा पहुंचाया जाता है। चूंकि नोएडा की कुल जल मांग अधिक है, इसलिए प्राधिकरण इस सतही जल को भूजल के साथ मिलाकर अलग-अलग सेक्टरों और आवासीय समितियों को आपूर्ति करता है।

## जल गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा

दिल्ली में वजीराबाद के बाद यमुना जल गुणवत्ता में तेज गिरावट देखी जाती है, क्योंकि यहां सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट नदी में प्रवेश करते हैं।

यमुना निगरानी समिति की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली में वजीराबाद बैराज से ओखला बैराज तक यमुना का 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा नदी की कुल लंबाई के 2% से भी कम है, लेकिन नदी में होने वाले कुल प्रदूषण का लगभग 76% हिस्सा इसी क्षेत्र में होता है। साफ है कि जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रदूषण को भी रोकना होगा। पानी में जहरीले पदार्थों के बढ़ने से उसकी उपलब्धता भी प्रभावित होती है।

केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य योजना का हवाला देते हुए, *एचटी* ने पिछले वर्ष रिपोर्ट किया था कि एजेंसियों ने वजीराबाद के ऊपर की ओर जल निकासी के लिए कई नालों और जल निकासी नालियों का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद यमुना नदी अत्यधिक प्रदूषित हो जाती है। प्रस्तावित उपाय में कहा गया था कि लगभग 500 क्यूसेक पानी को रुड़की से देवबंद सहायक शाखा के माध्यम से पूर्वी यमुना नहर में मोड़ने की आवश्यकता है। यह अतिरिक्त 500 क्यूसेक पानी यमुना में तीन जगहों पर डाला जाना था। योजना के अनुसार, पानी यमुना से होकर गुजरेगा और दिल्ली से गुजरने के बाद आगरा नहर के माध्यम से फिर ऊपर उठाया जाएगा। एकमात्र शर्त यह थी कि डीजेबी इस अतिरिक्त पानी का उपयोग अपने निजी उपयोग के लिए नहीं करेगा, अन्यथा, पूरा उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। इस योजना की दिशा में काम बाकी है। कायदा यही बोलता है कि दिल्ली यमुना का उद्धार करके देश के सामने मिसाल कायम करे। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि नदियों को बचाए बिना जल संकट का स्थायी समाधान नहीं हो सकता।

Hindustan Times




**पानी की कमी और इंतजार** : तापमान या गर्मी के बढ़ते ही देश के ज्यादातर शहरों और गांवों में पेयजल का अभाव देखा जा रहा है।

**1341**


**क्यूबिक मीटर/ प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति जल उपलब्ध था साल 2025 में भारत में। यह उपलब्धता साल 1951 में 5177 क्यूबिक मीटर के उच्च स्तर पर थी।**

### आपूर्ति पर्याप्त नहीं : देश में जल की तेजी से बढ़ती मांग




(जल मात्रा अरब क्यूबिक मीटर में। जल संसाधन विभाग के अनुसार)

### 2050 तक कहां-कितना पानी चाहिए?




(आंकड़े अरब क्यूबिक मीटर में)

## गंगा में अब जल कितना?

**50%** तक पानी गंगा में घट गया है, बहाव में आ रही कमी।

वैज्ञानिक तौर पर बहती हुई नदी के कुल पानी को पूरी तरह से ठीक-ठीक मापना संभव नहीं है, क्योंकि जलस्तर हर मौसम व स्थान के साथ बदलता रहता है। हां, नदी के औसत वार्षिक जल प्रवाह का वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं। गंगा नदी का औसत वार्षिक प्रवाह लगभग 52,500 करोड़ घन मीटर है। इसका लगभग 80 प्रतिशत पानी मानसून के महीनों (जून से सितंबर) में बह जाता है। एक वैज्ञानिक अनुमान यह भी है कि नदी के 58 प्रतिशत से अधिक पानी गर्मी के महीनों में वाष्पित हो जाता है। संरक्षण के लिए ज्यादा काम की जरूरत है। गंगा जी के लिए हिमनद ही नहीं, भूजल संरक्षण भी जरूरी है।

## यमुना से रूठ रहा जल

**25%** तक घट गया है यमुना में पानी, प्रवाह में आई कमी।

यमुना में पानी की मात्रा और उसका जलस्तर स्थिर नहीं रहता है, बल्कि यह पहाड़ों पर होने वाली बारिश और हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी पर निर्भर करता है। सामान्य दिनों में इसमें सामान्य बहाव होता है, लेकिन मानसून के दौरान या भारी बारिश के बाद पानी का स्तर कई लाख क्यूसेक तक पहुंच जाता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। यदि आप दिल्ली या किसी अन्य क्षेत्र के लिए आज का सटीक जलस्तर मापना या जानना चाहते हैं, तो केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं। यमुना में सहायक स्रोतों से ही पानी आ रहा है, इसके बहाव को लेकर लगातार चिंता जताई जा रही है।

## खतरे की ओर बढ़ती कावेरी

**28 %** तक घट गया है कावेरी नदी का प्रवाह

कावेरी बेसिन की औसत जल क्षमता लगभग 21,358 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जिसमें से लगभग 19,000 एमसीएम जल का उपयोग किया जा सकता है। कावेरी कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडु में बहनेवाली एक सदानीरा नदी है। यह पश्चिमी घाट के पर्वत ब्रह्मगिरी से निकलती है। इसकी लम्बाई प्रायः 760 किलोमीटर है। दक्षिण पूर्व में प्रवाहित होकर कावेरी नदी बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। इसके पानी को लेकर दोनों राज्यों में विवाद है। इस विवाद को कावेरी जल विवाद कहा जाता हैं। एक अध्ययन के अनुसार, साल 2026 से 2050 के बीच इसके जल प्रवाह में और 3.5 प्रतिशत की कमी आ जाएगी।

## नर्मदा को बचाना होगा

**15%** नर्मदा जल का उपयोग हो पाता है, बाकी बह जाता है

मध्य भारत की जीवनरेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी आज एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है। कभी दिव्य पवित्रता और पारिस्थितिक समृद्धि का प्रतीक रही यह नदी आज अनियंत्रित शहरीकरण, औद्योगिक प्रदूषण और अपशिष्ट प्रबंधन की उपेक्षा के कारण बढ़ते पर्यावरणीय संकट को दर्शाती है। इसकी जैवविविधता में 25 प्रतिशत कमी आ गई है। इस नदी का करीब 40 प्रतिशत क्षेत्र अतिक्रमण का शिकार हुआ है। इसमें गिरने वाले गंदे पानी के महज 30 प्रतिशत का ही शोधन हो पाता है। नर्मदा की 41 सहायक नदियों का भी हाल साल-दर-साल बिगड़ता जा रहा है।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आय में वृद्धि होगी, परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी, परंतु कारोबार में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क :** धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में बदलाव की संभावना बन रही है। मन परेशान हो सकता है। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**सिंह :** मन प्रसन्न रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कन्या :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान हो सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद भेंट हो सकती है।

**तुला :** धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। माता की सेहत का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है।

**वृश्चिक :** संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें।

**धनु :** मन प्रसन्न तो रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी।

**मकर :** मन परेशान हो सकता है। जीवनसाथी और पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में बदलाव की संभावना बन रही है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कुंभ :** नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

03 जून, बुधवार, **शक संवत्** : 13 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 20 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 16 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया तिथि रात्रि 09.22 मिनट तक। शुभ योग प्रातः 08.12 मिनट तक पश्चात शुक्ल योग, वणिज करण, चंद्रमा धनु राशि में (दिन-रात)।


**सूर्य उत्तरायण।** ग्रीष्म ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 08.12 मिनट से रात्रि 09.22 मिनट तक। श्री गणेश चतुर्थी व्रत।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**कृपया यह बताएं कि मुकदमे की फाइलें कहां रखें कि लाभ हो? -रीता नारंग, लखनऊ**

- मुकदमे की फाइल दक्षिण पूर्व दिशा में नहीं रखनी चाहिए। इससे शत्रु पक्ष से झगड़ा बढ़ सकता है और मुकदमा हारने का भय रहता है।
- कोर्ट केस की फाइल बैंक की पासबुक या फिक्स्ड डिपाजिट के साथ नहीं रखनी चाहिए। कोर्ट केस की फाइल दक्षिण पश्चिम दिशा में रखने पर मुकदमे के बहुत लंबे समय तक चलने की संभावना रहती है। मुकदमे की फाइल ईशान कोण में रखना सबसे अच्छा होता है। इसके शुभ फल मिलते है। फाइल का कवर लाल या काला न हो। कटी-फटी भी न हो। फाइल के ऊपर केसर या हल्दी से ओम एवं श्री लिखें।

## वर्ग पहेली : 8348



**बाएं से दाएं**
4. काव्य रचना; पदावली; पद्यमय विवरण; रसात्मक रचना (3)
6. बंदीकरण; मौके पर की गई गिरफ्तारी (2,3)
7. घटाना; निकालना (2,3)
11. हर समय काम में लगे रहना (2,2,2,3)
12. कार्य संपन्न करना; निपटाना; कारगर सिद्ध होना; प्रभावी होना; सफलता मिलना (2,3)
16. फंसाना; लालच देना; लालसा जगाना; लुब्ध करना (2,3)
17. मानदंड; स्तर (3)

**ऊपर से नीचे**
1. ओंठ; नीचे का; पहले का; धरती और आकाश के बीच का स्थान (3)
2. गीला पदार्थ पोतना (3)
3. पथ; मार्ग; रास्ता (3)
5. सोचना; संकल्प करना; ध्यान करना; मनन करना (3,3)
8. इतराना; चंचलता दिखाना; लचककर नखरे से चलना; कुल्हड़ (4)
9. लोकसमर्थन; जनता का समर्थन (6)
10. गीत रचने वाला; गीत लिखने वाला (4)
13. अज्ञान; अबोधता; नासमझी; मूर्खता (3)
14. अन्नादि रखने का स्थान; कोठार; कोष; खजाना (3)
15. चुनने का कार्य; निर्वाचन (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | 2 रा | वा | 3 स | में | डा | 4 ल | ना | ■ |
| ■ | ज | ■ | दा | ■ | ■ | प | ■ | 5 क |
| 6 आ | का | र | ■ | 7 अ | ध | क | च | रा |
| ■ | ज | ■ | ■ | क्ष | ■ | ले | ■ | ह |
| 8 ब | ■ | 9 म | न | र | ख | ना | ■ | ना |
| द | ■ | ह | ■ | मा | ■ | ■ | 10 स | ■ |
| 11 ना | ट | क | शा | ला | ■ | 12 आ | रो | ही |
| म | ■ | दा | ■ | ■ | 13 अ | ■ | व | ■ |
| ■ | 14 प | र | लो | क | सि | धा | र | ना |

## सुडोकू : 8330

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | 1 | 3 | 5 | | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 7 | | 4 | | 8 | | 1 | | 2 |
| 6 | 8 | | | | | | 7 | 3 |
| 9 | | 3 | | 2 | | 8 | | 4 |
| 5 | | | | | | | | 9 |
| | | | 6 | 9 | 2 | | | |
| 3 | | 6 | | | | 4 | | 7 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 9 |

# खाते से रकम निकाल एफडी में तेजी से निवेश कर रहे भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय परिवारों के बचत करने के तरीके में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। देश में बड़ी संख्या में लोग अब बचत खाते में पैसा रखने के बजाय सावधि जमा (एफडी) में निवेश कर रहे हैं। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते चार वर्षों में एफडी और अन्य सावधि जमाओं की हिस्सेदारी 55.2 प्रतिशत से बढ़कर 61.6 प्रतिशत हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले चार वर्षों में बैंक जमाओं के स्वरूप में बड़ा बदलाव आया है। मार्च 2022 में बैंकों की कुल जमाओं में बचत खातों की हिस्सेदारी 34.6 प्रतिशत थी, जो मार्च 2026 में घटकर 28.7 प्रतिशत रह गई। वहीं, इसी अवधि में एफडी और अन्य सावधि जमाओं की हिस्सेदारी में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि सात फीसदी से कम ब्याज दर वाली एफडी की हिस्सेदारी पिछले वर्ष के 27.3 फीसदी से बढ़कर मार्च 2026 में 61.8 फीसदी हो गई।




## तीन साल की एफडी में सबसे ज्यादा निवेश

रिपोर्ट के अनुसार, लोगों की सबसे ज्यादा रुचि तीन वर्ष की अवधि वाली एफडी में दिखाई दी है। मार्च 2022 में ऐसी एफडी का हिस्सा 50.4 प्रतिशत था, जो मार्च 2026 में बढ़कर 69.8 प्रतिशत हो गया। इससे संकेत मिलता है कि जमाकर्ता लंबे समय तक बेहतर ब्याज दर प्राप्त करना चाहते हैं।

## एक करोड़ से अधिक वाली एफडी का दबदबा

यह भी सामने आया है कि बड़ी रकम वाली एफडी की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ रही है। एक करोड़ रुपये या उससे अधिक की एफडी कुल सावधि जमाओं का 46.3 प्रतिशत हिस्सा रखती है। इनमें भी पांच करोड़ रुपये से अधिक की एफडी का हिस्सा 34.8 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि बड़े निवेशकों की भूमिका बढ़ती जा रही है।

## वरिष्ठ नागरिकों का भरोसा कायम

रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों की बैंक जमाओं में हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। यह दर्शाता है कि रिटायर लोगों के लिए एफडी अभी भी सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्पों में शामिल है।

## खाते पर कम ब्याज वजह

विशेषज्ञों के अनुसार, इस बड़े बदलाव के पीछे मुख्य वजह बचत खातों पर मिलने वाला बेहद कम ब्याज और खुदरा महंगाई की मार है। देश के बड़े बैंक वर्तमान में बचत खातों पर केवल 2.5 से 3 प्रतिशत तक ब्याज दे रहे हैं, जबकि एफडी पर 6 से 8 प्रतिशत तक ब्याज मिल रहा है। इसी वजह से निवेशकों का रुझान एफडी की ओर बढ़ा है।

## महंगाई से घट रही बचत की असली कीमत

जब बचत खाते पर मिलने वाला ब्याज महंगाई दर से कम होता है, तो जमा धन की वास्तविक क्रय शक्ति घटने लगती है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत रही। इसका मतलब है कि बचत खाते में रखा पैसा धीरे-धीरे अपनी खरीद क्षमता खो रहा है।

## घर-परिवार अब भी सबसे बड़े जमाकर्ता

रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2026 तक कुल बैंक जमाओं में घरेलू क्षेत्र की हिस्सेदारी 59.3 प्रतिशत रही। हालांकि, लोग अब एफडी के अलावा म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार जैसे निवेश विकल्पों की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं, जहां अधिक रिटर्न की संभावना रहती है। भारतीय बचतकर्ता अब अपने निवेश को लेकर पहले से अधिक जागरूक हो रहे हैं।

# प्रायोरिटी प्लान पर स्पष्टीकरण मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने अपने शुरुआती आकलन में यह पाया है कि भारती एयरटेल के हाल ही में पेश 'प्रायोरिटी पोस्टपेड' प्लान 'इंटरनेट निरपेक्षता' (नेट न्यूट्रैलिटी) के नियमों का उल्लंघन नहीं करता है। हालांकि, कंपनी से इस मामले में और स्पष्टीकरण मांगे गए हैं।

मामले से जुड़े एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ट्राई इस मुद्दे की विस्तृत जांच कर रहा है कि 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग के जरिये अन्य सेवाओं की गुणवत्ता पर कोई असर तो नहीं पड़ रहा। नेटवर्क स्लाइसिंग वह तकनीक है जिसमें दूरसंचार नेटवर्क को अलग-अलग वर्चुअल हिस्सों में बांटकर अलग जरूरतों के हिसाब से सेवा दी जाती है।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,649 | +382.50 |
| निफ्टी | 23,483 | +100.95 |

### सर्राफा

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 1,61,450 | +1,050 |
| चांदी | 2,71,000 | +1,300 |

### करेंसी

95.36 -0.17 डॉलर/रुपया

## शानदार प्रदर्शन

**कोटा।** जेईई-एडवांस्ड 2026 परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। संस्था के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि ये परिणाम छात्रों की सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

## मुनाफे में गिरावट संभव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत के एमएसएमई क्षेत्र पर दबाव बढ़ने की आशंका है जिससे उनकी आय और मुनाफे में गिरावट आ सकती है। 'क्रिसिल इंटेलिजेंस' की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में इस क्षेत्र की आय वृद्धि घटकर 7.5-8.5 प्रतिशत रह सकती है।

# केवाईसी कराने के लिए चक्कर कटवा रहे बैंक

हि विशेष

■ अरुण चड्ढा

**नई दिल्ली।** देशभर में बैंक खातों की केवाईसी अपडेट कराने में लाखों ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बैंक लंबे समय से निष्क्रिय या कम इस्तेमाल होने वाले खातों को संवेदनशील श्रेणी में डालकर उनके संचालन पर रोक या पाबंदी लगा रहे हैं। इस कारण ग्राहकों को खाता दोबारा सक्रिय कराने और केवाईसी अपडेट कराने के लिए बार-बार बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

आरबीआई ने केवाईसी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इसके बावजूद कई बैंक ग्राहक से आधार कार्ड की कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो और अन्य दस्तावेज फिर से जमा कराने की मांग कर रहे हैं।

कई मामलों में ऑनलाइन केवाईसी की सुविधा होने के बावजूद ग्राहकों को शाखा में बुलाया जा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, दिव्यांगों और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को हो रही है। जिन लोगों का खाता किसी दूसरे शहर या कस्बे की शाखा में है, उन्हें मूल शाखा भेजा जा रहा है। केवाईसी अपडेट नहीं होने पर कई खातों में लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इसका असर पेंशन, छात्रवृत्ति और सरकारी योजनाओं के लाभ पर पड़ा रहा है।

## सोशल मीडिया पर लगा शिकायतों का अंबार




बैंकों के पास केवाईसी अपडेट को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें मिली हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अरिजीत शर्मा इंडियन ओवरसीज बैंक को टैग करते हुए लिखते हैं कि मैं केवाईसी अपडेट कराने के लिए शाखा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा आधार कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति के खाते से लिंक है। यह कैसे हो सकता है, यह साफ तौर पर बैंक अधिकारियों द्वारा की गई गलती है। इसी तरह से दिग्विजय शर्मा लिखते हैं कि मेरी मां की उम्र 75 वर्ष से अधिक है। उनका खाता अस्थाई रूप से फ्रीज कर दिया हैं और बैंक वाले भीषण गर्मी में ब्रांच आने के लिए बोल रहे हैं।

### केवाईसी के जरूरी नियम

- यदि ग्राहक की केवाईसी जानकारी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, तो वह केवल 'नो चेंज' की स्व-घोषणा देकर केवाईसी अपडेट करा सकता है।
- ऐसे मामलों में दोबारा दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होती।
- यदि किसी ग्राहक का सिर्फ पता बदला है, तो ग्राहक स्व-घोषणा और आवश्यक प्रमाण के साथ केवाईसी अपडेट करा सकता है।
- बैंकों को ग्राहकों को केवाईसी की नियत तिथि से पहले कम से कम तीन बार सूचना देनी होगी। इनमें कम से कम एक सूचना पत्र के माध्यम से भेजना आवश्यक है।
- बैंक को ग्राहक को आसानी से केवाईसी अपडेट कराने के लिए ऑनलाइन एवं डिजिटल सुविधा भी देनी होगी।

# जरूरी वस्तुओं के दाम में वृद्धि संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति-जनित दबाव बढ़ने की आशंका है। इससे आने वाले महीनों में आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया।

रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं तो खुदरा महंगाई में 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा।

# थोक महंगाई की गणना नए तरीके से

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्र सरकार थोक मूल्य सूचकांक को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) को लागू करने जा रही है। इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था में थोक महंगाई के रुझानों का अधिक सटीक और वास्तविक आकलन करना है। पीपीआई में उत्पादन, इनपुट लागत और सेवाओं की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा।

मंगलवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित संशोधित डब्ल्यूपीआई के आंकड़े जारी करेगा, जो वर्तमान आधार वर्ष 2011-12 वाली श्रृंखला का स्थान लेगी। 15 जून को आउटपुट उत्पादक मूल्य सूचकांक (ओपीपीआई), ट्रायल इनपुट उत्पादक मूल्य सूचकांक (आईपीपीआई) और सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (एसपीपीआई) भी जारी किए जाएंगे। सेवा पीपीआई के पहले चरण में बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन फंड प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्री सेवा और दूरसंचार सेवाएं शामिल होंगी।

## महंगाई के दबाव का अनुमान लगा सकेंगे

प्रधान आर्थिक सलाहकार महतो ने कहा कि पीपीआई के माध्यम से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि उद्योगों में कच्चे माल और अन्य इनपुट की लागत में बदलाव का असर तैयार उत्पादों की कीमतों पर कैसे पड़ता है। इससे महंगाई के दबाव का सटीक विश्लेषण किया जा सकेंगे। सेवा क्षेत्र के लिए पीपीआई सात सेवाओं के आधार पर तैयार किया गया है।

## विभाग 15 जून को जारी करेगा आंकड़े

